वर्ष : 17 ❖ अंक : 295 ❖ पृष्ठ : 08 ❖ मूल्य : ₹ 3.00 ❖ आरएनआई सं. SIKHIN/2006/17890 ❖ www.anugamini.com

सिक्किम से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# अनुगामिनी

गंगटोक

शनिवार, 03 जून 2023

सांसदी जाने का फायदा हुआ, हत्या की धमकियों की चिंता नहीं : राहुल 3 | तेलंगाना में बढ़ी प्रति व्यक्ति आय : सीएम केसीआर 8

### राजभवन में मना तेलंगाना स्थापना दिवस

## राष्ट्र की एकता व अखंडता को मिल रही है ज्यादा मजबूती : राज्यपाल

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 02 जून । राजभवन में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य की उपस्थिति में तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से मनाया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि तेलंगाना स्थापना दिवस का उत्सव सिक्किम के राजभवन में मनाया जाना एक जन,एक संस्कृति, एक राष्ट्र का अदभुत उदाहरण है।

राज्यपाल ने कहा, भारत की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने और सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल का आंतरिक हृदय से सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, भारत की विविधता में भिन्न धर्म, भाषा, संस्कृति, जाति आदि अनेक मायनों में अपनी पहचान रखती हैं। इन सभी संस्कृतियों के साथ-साथ उनकी विशिष्टता को समझना और सम्मान करना भारत की एकता के लिए आवश्यक है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना राष्ट्र की एकता-अखंडता को ज्यादा मजबूत बना रही है।

उन्होंने कहा कि 2 जून 2014 को भारत के 28वें राज्य के रूप में शामिल हुआ तेलंगाना राज्य देश का सबसे नवनिर्मित और समृद्ध संस्कृतियों का राज्य है। राज्यपाल ने तेलंगाना के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। तेलंगाना को एक समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक राज्य बताते हुए राज्यपाल ने विभिन्न नृत्य,संगीत और वाद्य यंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि तेलंगाना भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर अपनी पहचान दिला रहा है। राज्यपाल ने पर्यटन स्थलों का भी उल्लेख करते हुए तेलंगाना को एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बताया है।

उन्होंने कहा कि राज्य ने अपनी श्रेष्ठता और अनोखी पहचान से तमाम भारतीयों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है।



इस अवसर पर राज्यपाल के साथ सिक्किम में बसे तेलंगाना के अग्रणी नागरिक, राजभवन परिवार के सदस्यों ने संस्कृति विभाग, सिक्किम सरकार द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। कलाकारों ने गीत, लेञ्चा, भूटिया, नेपाली जैसे परम्परागत नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान विशेष प्रस्तुति के रूप में कलाकारों ने तेलंगाना नृत्य भी प्रस्तुत किया जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम को दर्शाता है। इस अवसर पर सिक्किम के राज्यपाल ने तेलंगाना के अग्रणी नागरिकों प्रेम स्वरूप सौगात भी भेंट किए।

केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार एक भारत श्रेष्ठ भारत को मजबूती प्रदान करने की दिशा में अब सभी राज्य अपने स्थापना दिवस के साथ साथ अन्य राज्यों का भी स्थापना दिवस मनाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय समर मीट में शामिल हुआ सिक्किम

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 02 जून । केंद्रीय पशुपालन व डेयरी मंत्रालय के तत्वावधान में 1 और 2 जून को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पशुपालन व डेयरी क्षेत्र पर राष्ट्रीय समर मीट का आयोजन हुआ। इसमें सिक्किम राज्य पशुपालन विभाग ने भी भाग लिया। इसमें राज्य के पशुपालन व पशु चिकित्सा मंत्री लोकनाथ शर्मा, सचिव, डॉ. पी. सेंथिल कुमार और एसएलडीबी के अतिरिक्त निदेशक डॉ. कर्मा डोमा भूटिया ने सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान मंत्री शर्मा ने बैठक में राज्य से संबंधित कई प्रस्ताव एवं सुझाव रखे।

बैठक में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके अलावा, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बाल्यान एवं डॉ. एल. मुरूगन भी मौजूद रहे। बैठक में देश भर के विभिन्न राज्यों के पशुपालन मंत्रियों और सचिवों के साथ ही राज्य पशुपालन अधिकारियों ने भी भाग लिया। इसमें मंत्रालय की प्रस्तुति में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में सिक्किम के प्रदर्शन की सराहना की गई।



जानकारी के अनुसार, जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यक्रम कार्यान्वयन ढांचा बनाने, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और परिणामों एवं सुधारों पर चर्चा हेतु राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की अपेक्षाओं को रेखांकित करने के लिए आयोजित इस समर मीट के दौरान दूध के पोषण मूल्य एवं लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने, डेयरी किसानों, प्रसंस्करण तथा उपभोक्ताओं के योगदान की पहचान एवं सार्थक चर्चा के साथ ही विचारों के आदान-प्रदान को ( शेष पृष्ठ ०३ पर )

## छठे यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 12 जून से

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 02 जून । सिक्किम एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से इसी महीने की 12 से 18 जून तक छठे यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसमें पांच सौ से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। आज यहां पालजोर स्टेडियम में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में यह जानकारी दी गई।



इस पत्रकार सम्मेलन में गंगटोक नगर निगम की डिप्टी मेयर श्रीमती छिरिंग पाल्देन भूटिया, संस्कृति सलाहकार श्रीमती भीम कुमारी शर्मा, सिक्किम खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती चुंगचुंग भूटिया, सिक्किम ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कुबेर भंडारी एवं ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी सह अध्यक्ष आयोजन समिति जसलाल प्रधान के अलावा सिक्किम एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अधिकारीगण मौजूद थे।

इस दौरान डिप्टी मेयर ने एसएबीए को समर्थन देने एवं कार्यक्रम के आयोजन हेतु राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को धन्यवाद देते हुए राज्य में इस चैम्पियनशिप के आयोजन हेतु एसोसिएशन को बधाई दी। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार खेलों को प्राथमिकता देते हुए राज्य की प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही है।

वहीं मीडिया को संबोधित करते हुए श्रीमती चुंगचुंग भूटिया ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उन्हें राज्य में बेहतर खेल माहौल बनाने हेतु ( शेष पृष्ठ ०३ पर )

## मानसून को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 02 जून । आसन्न मानसून की तैयारी की समीक्षा तथा अभ्यास जानकारी को लेकर आज गंगटोक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सिचे स्थित जिला पंचायत सभागार में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में गंगटोक जिला कलेक्टर सह जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष तुषार. जी. निखारे, एडीसी मुख्यालय हेमंत राई, एडीसी गंगटोक रोहन अगवाने, एसडीएम परी बिश्नोई एवं छिरिंग भूटिया के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी, बीडीओ, पुलिस एवं सेना के प्रतिनिधि, ग्रेफ कमांडिंग ऑफिसर एवं अन्य लोग शामिल रहे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर निखारे ने पिछली बैठक में मानसून तैयारी एवं मॉक एक्सरसाइज पर विभिन्न विभागों को सौंपे गए कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इसके अधिकांश हिस्से के पूरा होने की बात कहते हुए विभागों की प्रशंसा की और शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। वहीं, उन्होंने परिवेश को स्मार्ट और स्वच्छ बनाने की दिशा में सभी संबंधित विभागों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए इसमें प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी बताई।

इस दौरान, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उप-निदेशक सोनम ओंग्याल लेप्चा ने पिछली बैठक में विभिन्न लाइन विभागों को सौंपे गए कार्यों के संचालन की जानकारी दी। वहीं, बैठक में डीसी, एडीसी, एसडीएम और विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच एक चर्चा सत्र भी हुआ। इसमें कई प्रासंगिक मुद्दों के कारण कई कार्यों के रूके होने पर ध्यान दिया गया। वहीं इस दौरान बाजारों में लटके टेलीफोन के तारों, सड़क किनारे झुके टेलीफोन के खंभों आदि को जल्द से जल्द हटाने का आदेश दिया गया।



इसके अतिरिक्त, बैठक में गत 12 मई को सभी छह जिलों में आयोजित मॉक एक्सरसाइज की डीब्रीफिंग हुई जिसमें जिला कलेक्टर ने आपदा के दौरान किसी आपात स्थिति हेतु तैयारियों का परीक्षण करने के लिए सिमुलेशन अभ्यास के दौरान चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ये अनुभव प्रभावी आपदा न्यूनीकरण उपायों को लागू करने में मदद करेंगे।

### इनवर्टर वितरण पर विपक्षी आलोचना का एसकेएम ने दिया जवाब

## कहा- इनवर्टर महज बिजली का विकल्प, यह चुनावी मुद्दा नहीं

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 02 जून । सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) द्वारा हाल ही में राज्य के छात्रों में इनवर्टर बांटने की घोषणा का एसडीएफ एवं अन्य विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने इसे उनकी राजनीतिक निराशा करार देते हुए आलोचना की है। सत्ताधारी पार्टी के अनुसार, वे इनवर्टर को महज बिजली का विकल्प मानते हैं और यह उनके लिए कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। लेकिन इसे लेकर भी विपक्षी पार्टियां राजनीति कर रही हैं, जो उनकी बदहाल मनोदशा को दर्शाता है। इसके साथ ही एसकेएम की ओर से राज्य में पिछले चार वर्षों के दौरान किए विकास कार्यों एवं योजनाओं के कार्यान्वयन की वकालत की गई है।

सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी प्रवक्ता एवं मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सीपी शर्मा ने विज्ञप्ति में कहा कि एसकेएम ने अपना चार साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस दौरान विभिन्न समस्याओं और बाधाओं से जूझ रहे राज्यवासियों की बेहतरी हेतु विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं को लागू किया गया है। इसके तहत उन्होंने मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना, वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री सिविल सेवा कोचिंग फैलोशिप योजना, सिक्किम शहरी गरीब आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधा योजना, नर बहादुर भंडारी फैलोशिप योजना, सिक्किम मातृ अधिकारिता योजना, मुख्यमंत्री विकलांगता पेंशन योजना, अविवाहित महिला पेंशन योजना के साथ ही कई अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि परिवार और प्रकृति के बीच एक सीधा संबंध स्थापित करने एवं हरियाली की रक्षा व बढ़ावे के लिए हमारी सरकार ने 'मेरो रूख मेरो संतति' के नारे के साथ एक बच्चे के जन्म पर उसके परिवार द्वारा 100 पौधे लगाने का आह्वान किया है। सरकार की इस पहल की देश-विदेश में प्रशंसा की जा रही है। लेकिन इन सभी के बीच सिक्किम के ही कुछ विफल राजनेता इनका विरोध करके अपनी राजनीतिक निराशा उजागर कर रहे हैं।

वहीं, विपक्ष द्वारा राज्य में अबाध बिजली आपूर्ति न होने के आरोप पर शर्मा ने कहा कि एक पहाड़ी राज्य होने के कारण सिक्किम में बारिश के दिनों में भूस्खलन, सड़कें अवरूद्ध होने, पेड़ गिरने एवं बिजली के खंभे एवं तार टूट जाते हैं। ऐसे कारणों से ही बिजली आपूर्ति बाधित होती है। ऐसे में जब मौजूदा सरकार को इसका अहसास हुआ, तब इससे प्रभावित होने वाले खास कर बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों, मरीजों और वृद्धों के को देखते हुए जरूरतमंद परिवारों के छात्रों और अन्य लोगों को इनवर्टर बांटने का निर्णय लिया है। लेकिन विपक्ष द्वारा इसका भी विरोध करना उनकी निष्कृतम मानसिकता दर्शाता है

शर्मा ने आगे कहा कि 25 वर्षों तक सरकार चलाने वाली एसडीएफ पार्टी अपने कार्यकाल में सिक्किम की दुर्दशा को भूल गई हे। अपनी विफलताओं को अनदेखा कर वे अब वर्तमान सरकार द्वारा गरीब छात्रों को मिलने वाले इनवर्टर का विरोध कर रही है। इस दौरान एचएसपी नेता बिराज अधिकारी को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि पैसे पर सोने वाले बिराज अधिकारी क्या जाने कि बिजली न होने के कारण गांव के छात्रों को परीक्षा के दौरान कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है? उनके जैसे एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति ने, जो सिक्किमी जनता के लिए राजनीति करने का दावा करता है, छात्रों को मिलने वाले महज एक इनवर्टर को



सरकार का चुनावी मुद्दा बताकर यह साबित कर दिया है कि वह राज्य के गरीब छात्रों के विरोधी हैं।

उन्होंने कहा, वे समझते हैं कि सरकार द्वारा इनवर्टर बांटने को बिजली का विकल्प बता कर राजनीति करने वाले इन नेताओं की सोच पर एसकेएम को तरस आता है और हम उनकी सद्बुद्धि की कामना करते हैं। क्या उन्हें नहीं पता कि बिजली से ही इनवर्टर की बैटरी भी चार्ज होती है? जब बिजली नहीं होगी तो इनवर्टर कैसे चलेगा? ऐसे में जो लोग इस प्रकार की नीच राजनीति कर अपनी छवि बनाना चाहते हैं, उन्हें जान लेना चाहिए कि जनता को मिलने वाली रियायतों का विरोध करने से राजनीति सफल नहीं होगी। इसके साथ ही एसकेएम प्रवक्ता ने एसडीएफ को 25 वर्षों तक जनता को फंसाकर रखने वाले अपने शासनकाल को न भूलने की भी सलाह दी।





| Rank | Prize Amount for Winners ₹ | Prize Amount for Sellers ₹ | Prize Amount for Sub-Stockist ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2,50,00,000 | 20,00,000 | 5,00,000 |
| 2 | 10,00,000 | 1,00,000 | 50,000 |
| 3 | 5,00,000 | 50,000 | 20,000 |
| 4 | 9,000 | 300 | - |
| 5 | 5,000 | 200 | - |
| 6 | 2,000 | 100 | - |

# ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस का एक्सिडेंट : 120 की मौत, 800 से ज्यादा लोग घायल, बचावकार्य जारी

बालासोर, 02 जून (एजेन्सी)। ओडिशा के बालासोर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक भीषण ट्रेन हादसा हो गया। यहां, बहनागा स्टेशन के पास तीन ट्रेनों की आपस में टक्कर हो गई। अधिकारियों और डॉक्टरों के मुताबिक इस हादसे में अब तक 120 लोगों की मौत हुई है और 800 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। फिलहाल मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि हादसा शाम करीब सात बजे हुआ। उन्होंने बताया कि हावड़ा जाने वाली बेंगलुरु-हावड़ा ट्रेन (12864) के कई डिब्बे बालासोर जिले के बहनागा बाजार में पटरी से उतर गए और बगल की पटरियों पर गिर गए। इसके बाद शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841) पटरी से उतरे डिब्बों से टकरा गई। कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बे भी पलट गए। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद एक मालगाड़ी कोरोमंडल एक्सप्रेस के पटरी से उतरे कुछ डिब्बों से टकरा गई।

वहीं, हादसे के बाद रेल मंत्रालय ने मुआवजे का एलान किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए दो लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

ओडिशा के मुख्य सचिव ने कहा कि कोरोमंडल एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में 132 घायलों को सोरो सीएचसी, गोपालपुर सीएचसी और खांटापाड़ा पीएचसी में स्थानांतरित किया गया।

वहीं ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एमडी ने कहा कि 47 घायलों को बालासोर के मेडिकल कॉलेज लाया गया है।

विशेष राहत आयुक्त कार्यालय ने बताया कि बालासोर कलेक्टर को भी सभी जरूरी व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को भी सूचना दे दी गई है।





ओडिशा के बालासोर जिले में ट्रेन के पटरी से उतर जाने से प्रभावित खंड में कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं जबकि कुछ का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है।

घटनास्थल पर मौजूद एक शख्स ने बताया कि पटरी से उतरे डिब्बों में कई लोग फंस गए। स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए आपातकालीन सेवा कर्मियों की मदद कर रहे थे। लेकिन, अंधेरा होने की वजह से अभियान में दिक्कतें आईं।

अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने साहू और राजस्व मंत्री प्रमिला मलिक को दुर्घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना राहत ट्रेन को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ओडीआरएएफ) की चार टुकड़ियां, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तीन टुकड़ियां और 60 एंबुलेंस घायलों को बचाने के काम में जुटी हैं। दुर्घटना के मद्देनजर ओडिशा सरकार और रेलवे ने हेल्पलाइन की शुरुआत की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया है, 'ओडिशा में ट्रेन हादसे से व्यथित हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल व्यक्ति जल्द स्वस्थ हों। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है।'

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने कहा कि राज्य सरकार मंत्री मानस भुइयां और सांसद डोला सेन के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेज रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ निजी रूप से स्थिति की निगरानी कर रही हैं। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ओडिशा सरकार और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ समन्वय कर रही है।

ओडिशा फायर सर्विसेज के डीजी सुधांशु सारंगी को बचाव कार्यों की निगरानी का जिम्मा दिया गया है। ओडिशा के वरिष्ठ अधिकारियों हेमंत शर्मा, बलवंत सिंह, अरविंद अग्रवाल को डीजी फायर सर्विसेज के साथ बहानागा में ट्रेन दुर्घटना स्थल पर व्यवस्था की निगरानी के लिए भेजा गया है।

रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। ये इस तरह हैं: 033 26382217, 8972073925, 9332392339, 8249591559, 7978418322, 9903370746, 044- 25330952, 044-25330953, 044-25354771

# आप के अभियान को हेमंत का समर्थन, केजरीवाल बोले- कांग्रेस तय करे कि वह देश के साथ है या मोदी जी के साथ

रांची, 02 जून (एजेन्सी)। दिल्ली सरकार को लेकर केंद्र की ओर से लाए गए अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की मुहिम को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने समर्थन देने का ऐलान किया है।

केजरीवाल और सोरेन ने रांची में आज एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार न सिर्फ संघीय ढांचे पर प्रहार कर रही है, बल्कि जनता की भावनाओं का भी अपमान कर रही है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अगले ही दिन अध्यादेश लाकर जिस तरह इसे पलट दिया है, उसके खिलाफ गैरभाजपाई एकजुटता जरूरी है। गैर भाजपा दल एकजुट हो जाएं तो राज्यसभा में इस अध्यादेश को पराजित किया जा सकता है। केजरीवाल ने इस मसले पर कांग्रेस के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें तय करना है कि वह देश के साथ हैं, लोकतंत्र के साथ हैं या मोदी जी के साथ हैं।



प्रेस कांफ्रेंस के पहले अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने लगभग डेढ़ घंटे तक इस मुद्दे पर आपस में चर्चा की। चर्चा में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और दिल्ली विधानसभा के सदस्य विनय मिश्र भी उपस्थित रहे।

मीडिया से मुखातिब अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता के साथ अन्याय हुआ है। उसका हक छीन लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सरकार को सारी शक्तियां प्रदान की हैं, लेकिन 19 मई को सरकार ने अध्यादेश लाकर इस फैसले को पलट दिया। यह दिल्ली के लोगों का अपमान हुआ। दो करोड़ लोगों को बेदखल कर दिया गया। अगर राज्यसभा में सभी गैर भाजपा सदस्य एकजुट हो जाएं तो राज्यसभा में बीजेपी को हराया जा सकता है। आज दिल्ली सरकार और वहां की जनता का हक छीना गया है। कल फिर यह किसी भी दूसरे राज्य के साथ ऐसा कर सकते हैं और उनके अधिकार छीन सकते हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन से मिले समर्थन के लिए आभार जताया।

केजरीवाल ने इसे देश की संसद और संविधान की लड़ाई बताते हुए कहा कि वे बीजेपी के सांसदों को भी चिट्ठी लिखेंगे कि यह बीजेपी की लड़ाई नहीं है, बल्कि संसद की लड़ाई है। हमारी लड़ाई को पूरा देश देख रहा है।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनी हुई सरकार को जिस तरह से अधिकार विहीन किया जा रहा है, यह एक नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। देश की अनेकता में एकता पर एक बड़ा प्रहार है। केंद्र सरकार संघीय ढांचे की बात करती है, लेकिन कार्य उसके विपरीत करती है। जिन राज्यों में केंद्र की सहयोगी सरकार नहीं है, उन राज्यों के साथ ऐसा ही व्यवहार हो रहा है।

सोरेन ने देश की नई संसद के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा कि उस दिन लोकतंत्र के मंदिर से कुछ दूरी पर कई और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटीं। यह सिर्फ गैर भाजपा सरकारों पर प्रहार नहीं है, बल्कि देश की जनता के ऊपर प्रहार है। इस विषय को लेकर हम और गहराई से पार्टी के अंदर चर्चा करेंगे। सोरेन ने कहा कि बाबासाहेब के द्वारा स्थापित जो लोकतंत्र है उसे बचाने की आवश्यकता है। दिल्ली के अंदर बिहार, झारखंड, यूपी, महाराष्ट्र समेत पूरे देश के लोग हैं और यह निर्णय पूरे देश पर असर डालेगा। दिल्ली में जो कानून थोपने का प्रयास हो रहा है, उसपर राजनीतिक लड़ाई जरूरी है और जो कदम केजरीवाल ने बढ़ाया है, मैं चाहूंगा कि इस मुहिम में सफल हों।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि कोई हम कोई व्यक्तिगत समस्या लेकर नहीं आए हैं, यह लोकतंत्र की जो हत्या हो रही है, देश में उसको बचाने की मुहिम है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और आम आदमी पार्टी दोनों ही आंदोलन से निकली हुई पार्टी है तो हमें एक और आंदोलन की जरूरत है।

# बृजभूषण की अयोध्या रैली स्थगित, अयोध्या प्रशासन ने नहीं दी इजाजत

लखनऊ, 02 जून (एजेन्सी)। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और अयोध्या के संतों द्वारा 5 जून को आयोजित की जा रही जन चेतना रैली को 'स्थगित' कर दिया गया है।

भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, जिन पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है, ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि अयोध्या में उनके समर्थन में होने वाली रैली को 'कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था, जबकि पुलिस उनके खिलाफ आरोपों की जांच कर रही है।'

अयोध्या प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि भाजपा सांसद ने रैली के लिए अनुमति नहीं ली।

इसके बजाय, जब बृज भूषण ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की, तब संतों के एक समूह द्वारा बैठक आयोजित करने के अनुरोध पर 'विचार' किया जा रहा था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चूंकि अयोध्या में पहले से ही धारा 144 लागू थी, इसलिए रैली की अनुमति नहीं दी जा सकती।

प्रस्तावित रैली को व्यापक रूप से सिंह द्वारा शक्ति प्रदर्शन के रूप में माना गया, यहां तक कि उनकी पार्टी को उन्हें बर्खास्त करने के बढ़ते दबाव का भी सामना करना पड़ा।

बृजभूषण शरण सिंह ने पहले घोषणा की थी कि वह सोमवार को 'साधुओं के आशीर्वाद से' रैली को संबोधित करेंगे।

सांसद ने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि योजना में बदलाव का कारण क्या हुआ, लेकिन उनकी फेसबुक पोस्ट तब आई जब पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दायर एफआईआर में सूचीबद्ध आरोपों का विवरण सामने आया, जो कुश्ती महासंघ के प्रमुख के रूप में उन्हें हटाने के लिए महीनों से विरोध कर रहे थे।

बृजभूषण शरण सिंह ने आरोपों का खंडन किया है, दावा किया है कि अगर आरोप साबित होते हैं तो वह 'खुद को लटका' लेंगे।

शुक्रवार की पोस्ट में, बृजभूषण शरण सिंह ने फिर दावा किया कि राजनीतिक विरोधियों और उनकी पार्टियों द्वारा उन पर 'झूठा आरोप' लगाया जा रहा है।

उन्होंने लिखा, 'आपके समर्थन से पिछले 28 वर्षों से लोकसभा के सदस्य के रूप में सेवा की। मैंने सत्ता और विपक्ष में रहते हुए सभी जातियों, समुदायों और धर्मों के लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया है। यही कारण है कि मेरे राजनीतिक विरोधियों और उनकी पार्टियों ने झूठा आरोप लगाया है।'

'वर्तमान स्थिति में, कुछ राजनीतिक दल विभिन्न स्थानों पर रैलियों के माध्यम से प्रांतीयता, क्षेत्रवाद और जातीय संघर्ष को बढ़ावा देकर सामाजिक सद्भाव को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। उद्देश्य यह है कि बुराई पर विचार करने के लिए 5 जून को अयोध्या में संत सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय समाज में फैल रहा है, लेकिन अब जबकि पुलिस आरोपों की जांच कर रही है और सुप्रीम कोर्ट के गंभीर निर्देशों का सम्मान करते हुए जन चेतना महा रैली को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।'

बृजभूषण शरण सिंह ने यह भी कहा कि 'सभी धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के लाखों समर्थकों और शुभचिंतकों ने मेरा समर्थन किया है।' दो एफआईआर में, सिंह पर महिला एथलीटों को उनकी सांस की जांच के बहाने अनुचित तरीके से छूने, उन्हें टटोलने, अनुचित व्यक्तिगत सवाल पूछने और यौन अहसान की मांग करने का आरोप लगाया गया है।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोपों पर बांसुरी स्वराज बोलीं- न्यायिक प्रक्रिया अपना काम करेगी

नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। बृजभूषण शरण सिंह मामले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दोहरा मानदंड अपनाने के आरोप को खारिज करते हुए पार्टी नेता बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को कहा कि उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच के बाद न्यायिक प्रक्रिया अपना काम करेगी।



दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी ने भाजपा की दिल्ली इकाई के कानूनी प्रकोष्ठ की सह-संयोजक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने अरविंद केजरीवाल नीत दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि इसने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए लोक अभियोजकों की नियुक्ति में नौ महीने की देरी की। बांसुरी स्वराज ने कहा कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार है। उच्चतम न्यायालय की वकील स्वराज ने इस आरोप का खंडन किया कि उनकी पार्टी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद सिंह पर दोहरे मानदंड का पालन कर रही है।

सिंह पर कुछ महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। इस मामले में अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है।

स्वराज ने कहा, मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और अब यह पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है। मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जांच के बाद न्यायिक प्रक्रिया अपना काम करेगी।

दिल्ली पुलिस ने कुछ महिला पहलवानों की शिकायत पर सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। सिंह ने आरोपों से इनकार किया है। स्वराज को इस साल मार्च में भाजपा की दिल्ली इकाई के कानूनी प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया गया था।

# राहुल गांधी को न अर्थव्यवस्था का ज्ञान है न राजनीति का : सुधांशु त्रिवेदी



नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका गए हुए हैं और वहां पर अपनी बयानबाजी को लेकर देश में एक बार फिर चर्चाओं में बने हुए हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने उनके हालिया बयानों को लेकर उनपर पलटवार किया है। इनका कहना है कि पता नहीं जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं तो इनके दिमाग को क्या हो जाता है। बीजेपी नेता ने कहा राहुल ने चिर परिचित अंदाज में फिर से अपनी घृणा का परिचय दिया है।

अमेरिका के दौरे पर गांधी ने वाशिंगटन में कहा कि मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और इसमें गैर-धर्मनिरपेक्ष कुछ भी नहीं है। वह क्षेत्रीय पार्टी के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनके बयान पर सुधांशु त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए दावा किया कि क्षेत्रीय पार्टी और जिन्ना के संगठन के बीच एक कड़ी है, जिसने मुसलमानों के बीच विभाजन आंदोलन को गति दी। उन्होंने कहा कि जिन्ना की पार्टी ने मद्रास प्रेसीडेंसी में स्वतंत्रता-पूर्व प्रांतीय चुनावों में जीत हासिल की थी, जिसका आज का केरल एक हिस्सा था।

सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि मलखपुरम जिला निकाय ने 2013 में लड़कियों के लिए शादी की उम्र को 18 से घटाकर 16 साल करने का प्रस्ताव पारित किया था, क्योंकि इलाके में मुस्लिम बहुसंख्यक थे। राज्य में तत्कालीन कांग्रेस सरकार, जिसमें मुस्लिम लीग भी शामिल थी, विपक्ष के उग्र विरोध के बाद ही पीछे हट गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए एआईएमआईएम, मुस्लिम लीग और एक मुस्लिम मौलवी द्वारा गठित पश्चिम बंगाल की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट जैसी पार्टियां धर्मनिरपेक्ष हैं और प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन पीएफआई एक 'सांस्कृतिक' संस्था है।

राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि उनका दावा उनकी बुद्धिमता पर सवालिया निशान खड़ा करता है। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'जैसे किसी का दिमाग सातवें आसमान पर पहुंच जाता है, ऐसे ही राहुल गांधी जब विदेश दौरे पर जाते हैं तो इनके दिमाग को कुछ हो जाता है। जिनको डिफेंडर्स ऑफ डेमोक्रेसी कहते थे, जिस सिलिकॉन वैली में बैठे हैं, वह बैंक करप्ट हो चुका है। भारत की ग्रोथ रेट ये भी बता देते। अमेरिका में भुगतान का संकट भी है, उन्होंने स्ट्रैटेजिक ऑयल रिजर्व खोले हैं। उन्हें न अर्थव्यवस्था का ज्ञान है और न राजनीति का ज्ञान है। भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है, ये भी पहले बोला होता। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ये आदतन करते हैं, फितरतन करते है।

# बेटियां महीनों से न्याय मांग रही हैं और पीएम चुप हैं : खड़गे



नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महिला पहलवान न्याय मांग कर रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं और यह चुप्पी उनकी नाकामी है। खड़गे ने ट्वीट किया, मोदी सरकार अपनी तथाकथित मज़बूती अपने इको सिस्टम को झूठ परोस कर ही दिखा पाती है। सच्चाई ये है कि एक महीने से मणिपुर जल रहा है, पर मोदी जी चुप हैं और शाह जी जता रहे हैं कि सब चंगा सी !

पदक विजेता, बेटियां महीनों से न्याय मांग रही हैं - पर मोदी जी चुप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का पूरा इको सिस्टम आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बचाव कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, अडाणी मामले में रोज़ाना नए तथ्य सामने आ रहे हैं, पर दिखाया ऐसे जा रहा है कि कुछ हुआ ही नहीं ! हर भारतीय जान गया है कि प्रधानमंत्री मोदी जी की चुप्पी ही उनकी नाकामी है !

पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर कर रहे हैं। शुक्रवार (2 जून) को महापंचायत के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने सरकार को 9 जून तक का समय देते हुए कहा, बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी से कम पर समझौता नहीं होगा। किसी के साथ कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी उसकी (बृजभूषण सिंह) होगी। हम 9 जून के बाद पहलवानों को वापस जंतर-मंतर पर छोड़ कर आएंगे और देश भर में पंचायत करेंगे। दरअसल दोनों महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से खापों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

# गोवा से मुंबई के बीच दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, पीएम आज दिखाएंगे हरी झंडी

**राजेश अलख**



नई दिल्ली, 02 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह देश की 19वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होगी जो गोवा के मडगांव और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच चलेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन जून को सुबह 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मडगांव रेलवे स्टेशन से गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, क्षेत्र के लोगों को तेज गति के साथ आराम से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और इससे मुंबई–गोवा मार्ग के बीच संपर्क में सुधार भी होगा।

इसमें कहा गया कि यह ट्रेन देश में चलने वाली 19वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। मोदी ने 29 मई को असम की पहली और देश की 18वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

पीएमओ ने कहा कि यह ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन की दूरी लगभग साढ़े सात घंटे में पूरी करेगी और दोनों स्थानों को जोड़ने वाली वर्तमान सबसे तेज ट्रेन की तुलना में यात्रा के समय को बचाने में मदद करेगी।

पीएमओ ने कहा कि विश्व स्तरीय सुविधाओं और प्रौद्योगिकी सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस स्वदेश निर्मित ट्रेन दोनों राज्यों में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

# पहलवानों के मुद्दे पर अखिलेश ने भाजपा पर किया वार, कहा– विदेशों में भारत की छवि हुई खराब

लखनऊ, 02 जून (एजेन्सी)। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा महिला पहलवानों के प्रति अनादर के खुलेआम प्रदर्शन से देश की छवि को बहुत नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि यह पार्टी की सामंती मानसिकता का स्पष्ट संकेत है, जो दुनिया में लोकतांत्रिक भारत की छवि पर धब्बा है। उन्होंने कहा, शोषण, उत्पीड़न और विरोध की आवाजों को जबरन चुप कराने की खबरें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो रही हैं और विश्व समुदाय के सामने भारत का नाम खराब कर रही हैं। भाजपा मूल रूप से एक सामंती मानसिकता का पोषण करती है, जहां न तो महिलाओं का सम्मान होता है और न ही आम आदमी का। उन्होंने कहा, बीजेपी ने लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

अखिलेश ने समाचार रिपोर्टों का हवाला दिया कि कैसे महिला पहलवानों ने एक शक्तिशाली शख्स पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया और नई दिल्ली में विरोध स्थल से निकाले जाने के बाद अपना ओलंपिक पदक गंगा में फेंकने और भूख हड़ताल शुरू करने के लिए चली गईं।

इससे पहले राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अखिलेश ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटने को लेकर भाजपा पर हमला बोला था।

पहलवानों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## छठे यूथ बॉक्सिंग .....

प्रेरक शक्ति बताया। उन्होंने राज्य में चैम्पियनशिप आयोजित करने के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अनुमति पर एसएबीए को बधाई दी और सभी से राज्य के विकास हेतु इस तरह के आयोजनों का समर्थन करने का आग्रह किया।

वहीं, पत्रकार सम्मेलन में ओलम्पियन जसलाल प्रधान ने बताया कि इस चैम्पियनशिप के विजेता सीधे जुलाई में कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में क्वालिफाई करेंगे। उसके बाद उन्हें आगामी ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। इस दौरान कुबेर भंडारी और भीम कुमारी शर्मा ने भी इस आयोजन हेतु मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके मजबूत समर्थन ने राज्य के खेल ढांचे को विकसित करने में मदद की है। इसके परिणामस्वरूप ही एसएबीए द्वारा सिक्किम में चैम्पियनशिप आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के सहकारिता व ग्रामीण विकास मंत्री सोनम लामा इस प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक और खेल व युवा मामले, शिक्षा एवं भूमि राजस्व मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा संरक्षक हैं। वहीं, इसकी आयोजित समिति सलाहकार सदस्यों में विधायक आदित्य गोले, खेल व युवा मामलों के सलाहकार मेघनाथ सुब्बा, सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार तेनजिंग नोरबू लाम्था, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव जैकब खालिंग शामिल हैं।

## जम्मू–कश्मीर में आयोजित ....

बढ़ावा देने हेतु विश्व दुग्ध दिवस भी मनाया गया।

बैठक के पहले सत्र में सिक्किम के पशुपालन व पशु चिकित्सा मंत्री लोकनाथ शर्मा और सचिव ने राज्य को लाभान्वित करने की दिशा में कई प्रस्ताव और सुझाव दिए। इनमें पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों में पशुपालन के लिए विशेष पैकेज, पशुपालन व पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए आरकेवीवाई की बहाली, सिक्किम में केंद्रीय पशु चिकित्सा कॉलेज व विश्वविद्यालय की स्थापना, राज्य में पशु चिकित्सालयों एवं दवा केंद्रों के निर्माण हेतु सहायता, एनएलएम के तहत गरीब किसानों के लिए गाय, बकरी, भेड़, सुअर आदि का वितरण, इन विट्रो फर्टिलाइजेशन और भ्रूण स्थानांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र का निर्माण एवं अन्य शामिल रहे।

इस दौरान, सिक्किम की टीम ने केंद्रीय पशुपालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला से मुलाकात भी की और राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए समर्थन मांगा। केंद्रीय मंत्री ने सिक्किम में इस क्षेत्र में सभी सहायता का आश्वासन दिया।

# सांसदी जाने का फायदा हुआ, हत्या की धमकियों की चिंता नहीं : राहुल

वाशिंगटन, 02 जून (एजेन्सी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यहां कहा कि लोकसभा सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता का वास्तव में फायदा हुआ क्योंकि इससे उन्हें खुद को परिभाषित करने का मौका मिला जबकि भाजपा को इसका एहसास भी नहीं हुआ।

राहुल गांधी ने वाशिंगटन डीसी में गुरुवार को नेशनल प्रेस क्लब में कहा, मेरी अयोग्यता का कई मायनों में फायदा हुआ है। इसने मेरे लिए नया आसमां खोल दिया है, मुझे खुद को पूरी तरह से फिर से परिभाषित करने का मौका मिला है। मुझे लगता है कि भाजपा ने मुझे एक उपहार दिया है, साफ कहूं तो मुझे नहीं लगता कि उन्हें इसका एहसास भी है।

पूर्व सांसद ने कहा, राजनीति सीधी रेखा की तरह नहीं है, यह पूरी तरह से एक अलग दिशा में जाती है, यह बेतरतीब होती है। इसलिए मुझे लगता है कि अभी स्पष्ट है कि उन्होंने मुझे एक उपहार दिया है.. ।

इस साल मार्च में राहुल को उनके खिलाफ मानहानि के एक मामले में अदालत द्वारा दोषी करार देने और दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया, मैं 1947 के बाद से भारतीय इतिहास में पहला व्यक्ति हूं, जिसे मानहानि के लिए सबसे बड़ी सजा दी गई है। मेरी अयोग्यता संसद में अडाणी पर मेरे भाषण के ठीक बाद हुई। इससे यह स्पष्ट होना चाहिए कि देश में क्या चल रहा है।

राहुल ने आगे कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियों की चिंता नहीं है।

कांग्रेस नेता ने कहा, मैं हत्या की धमकियों से चिंतित नहीं हूं। हर किसी को मरना है। यही मैंने अपनी दादी (इंदिरा गांधी) और पिता (राजीव गांधी) से सीखा है




– आप ऐसी किसी चीज के लिए पीछे नहीं हटते।

बुधवार को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में बोलते हुए राहुल ने कहा था कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें मानहानि के मामले में अधिकतम सजा मिलेगी और सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, और जोर देकर कहा कि इससे उन्हें काम करने का बहुत मौका मिला है।

अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर आए कांग्रेस नेता का आने वाले दिनों में वॉशिंगटन डीसी और न्यूयॉर्क में कई लोगों से मिलने का कार्यक्रम है।

वह मंगलवार को सैन फ्रांसिस्को पहुंचे।

# पहलवानों के साथ होगा न्याय, पुलिस जल्द दाखिल करेगी चार्जशीट : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन दुराचार के आरोपों पर कार्रवाई की मांग कर रहे देश के शीर्ष पहलवानों के विरोध के बीच केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व खेल मंत्री, अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि न्याय किया जाएगा क्योंकि पुलिस जल्द ही चार्जशीट दाखिल करेगी और शासी निकाय के पास अब खेल के दैनिक मामलों के प्रबंधन का कोई अधिकार नहीं है।

यहां एक आर्थिक सम्मेलन में बोलते हुए, ठाकुर ने कहा कि मामला दर्ज किया गया था और मामले की जांच के लिए एक समिति बनाई गई थी।

मंत्री ने कहा कि डब्ल्यूएफआई अपने किसी भी नियमित व्यवसाय में शामिल नहीं है क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित प्रशासकों की एक समिति द्वारा दिन–प्रतिदिन के मामलों की देखभाल की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जल्द चार्जशीट दायर की जाएगी और पहलवानों को न्याय मिलेगा।

मंत्री ने कहा, न्याय समय पर दिया जाएगा। महिलाओं के खिलाफ किए गए किसी भी अपराध में त्वरित न्याय होना चाहिए।

ठाकुर ने कहा कि उन्होंने प्रदर्शनकारी पहलवानों की शिकायतें सुनने के लिए जनवरी में उनसे मुलाकात की थी और मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था।

उन्होंने कहा, हमने पहलवानों द्वारा अनुशंसित सदस्यों को भी जोड़ा और एक जांच की गई, जिसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया।

ठाकुर ने कहा, हमने हर कदम पर पहलवानों की बात सुनी है और उन्होंने जो कुछ भी करने को कहा है, हमने वह सब किया है।

मंत्री ने कहा कि लोगों को पुलिस जांच पूरी होने और चार्जशीट दाखिल होने का इंतजार करना चाहिए।

ठाकुर ने आगे कहा, पहलवान 38 दिनों से विरोध कर रहे हैं और हमें इससे कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हम चाहते हैं कि उन्हें न्याय मिले। हम किसी का पक्ष नहीं लेना चाहते और सच्चाई का इंतजार करना चाहिए।



नैतिकता के सवाल पर, चूंकि डब्ल्यूएफआई प्रमुख सत्तारूढ़ भाजपा के हैं, मंत्री ने कहा, जांच जारी है, इसे खत्म होने दें। हम कोई पक्ष नहीं लेना चाहते हैं और हम पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। लेकिन यह तभी होगा जब जांच पूरी हो जाएगी। तब तक इंतजार करते हैं।

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 01:00 PM
DEAR MEGHNA FRIDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:9 DrawDate on:02/06/23 MRP ₹6/-
1st Prize ₹1 Crore/- 73H 89671
Cons. Prize ₹1000/- 89671 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹9000/-
01092 15533 18922 23280 25100 37013 43803 44444 79668 96615
3rd Prize ₹450/-
2235 2322 5118 6595 7060 7476 8309 8375 9707 9737
4th Prize ₹250/-
0273 1235 1541 2426 2880 3735 4083 4533 5640 9483
5th Prize ₹120/-
0109 0271 0436 0442 0691 0692 0772 0785 0844 0879
0943 1072 1136 1170 1237 1277 1613 1635 1908 2021
2051 2061 2141 2260 2282 2304 2354 2454 2472 2615
2638 2794 2852 3038 3063 3170 3254 3300 3427 3440
3452 3511 3545 3615 3641 3753 3913 4091 4550 4568
4604 4691 4756 5122 5191 5286 5320 5405 5524 5585
5927 6045 6218 6232 6262 6432 6441 6652 6759 6894
6948 7028 7127 7665 7826 7978 7979 8010 8131 8260
8352 8395 8515 8677 8883 8961 8993 9085 9185 9188
9292 9295 9484 9497 9502 9681 9736 9767 9792 9840
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 06:00 PM
DEAR MOUNTAIN FRIDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:9 DrawDate on:02/06/23 MRP ₹6/-
1st Prize ₹1 Crore/- 88H 27810
Cons. Prize ₹1000/- 27810 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹9000/-
04340 11558 24145 45285 52895 65672 83134 85838 86599 98912
3rd Prize ₹450/-
0167 1406 2674 3434 4292 5457 6065 6270 9113 9269
4th Prize ₹250/-
0871 2915 4372 4556 5050 6443 7153 7283 8422 8932
5th Prize ₹120/-
0256 0400 0677 0685 0827 0932 0937 1133 1244 1343
1829 2049 2066 2069 2140 2204 2330 2445 2478 2595
3151 3326 3395 3546 3630 3648 3653 3763 3861 3935
3938 3950 4023 4032 4196 4315 4410 4412 4456 4507
4550 4642 4697 4701 4706 4724 4886 4956 5246 5406
5479 5480 5516 5674 5746 5828 5832 6134 6248 6320
6606 6698 6714 6930 6952 7045 7098 7258 7657 7679
7758 8097 8153 8164 8274 8276 8358 8360 8376 8500
8635 8874 8886 8955 9003 9098 9156 9314 9330 9331
9703 9744 9769 9781 9808 9824 9837 9852 9952 9989
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 08:00 PM
DEAR SEAGULL FRIDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:9 DrawDate on:02/06/23 MRP ₹6/-
1st Prize ₹1 Crore/- 51B 34001
Cons. Prize ₹1000/- 34001 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹9000/-
08963 15499 17388 22589 30210 40591 46928 57161 81284 83105
3rd Prize ₹450/-
0194 1623 3827 4245 4935 5181 6203 8804 9810 9905
4th Prize ₹250/-
5916 6446 6639 6682 6817 7719 8673 8822 9600 9824
5th Prize ₹120/-
0032 0240 0557 0566 0572 0806 0838 0974 1055 1540
1677 1687 1823 1923 1972 2106 2448 2536 2611 2650
2653 2660 2929 2965 3000 3087 3104 3189 3287 3384
3392 3483 3489 3539 3579 3585 3706 3707 3804 3805
3938 4039 4109 4326 4446 4553 4626 4802 4833 4985
5018 5049 5076 5089 5142 5255 5347 5387 5522 5573
5615 5658 5663 5708 5937 6091 6166 6316 6383 6589
6798 6959 7049 7117 7185 7246 7267 7625 7876 7915
8024 8029 8333 8380 8407 8760 8947 9019 9217 9295
9338 9388 9673 9776 9788 9815 9838 9872 9936 9946
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

COLLEGE OF HORTICULTURE
(Central Agricultural University)
Bermiok – 737134 (Sikkim)
Email: dean.coh-sik@gov.in

ADVERTISEMENT

Dated, Bermiok, South Sikkim, the 2nd June, 2023

No. COH/SKM/1/2/M.O. Cont.-48/22/ : A Walk-in-Interview for the engagement of **one Contractual Part-Time Medical Officer** is hereby fixed at 11:00 am on 15.06.2023 at Dean's chamber of College of Horticulture, Bermiok, South Sikkim – 737134. The appointment is for 179 days or until further order whichever is earlier and the appointee has no right to claim any regular job in the CAU.

1. **Essential Qualification:** The Candidate must holding MBBS degree and be a member of the Medical Council of India and State.
2. **Remuneration:** Rs. 50,000.00 (Rupees Fifty Thousand) only per month plus conveyance charges on actual basis subject to maximum Rs. 25,000.00
3. **Assigned Duty:** The Part-Time Doctor should visit the College of Horticulture, Bermiok, South Sikkim 5 (five) days in a week for minimum 3 (Three) hours in a day during office hour and in emergency case, he/she should to able to attend the patients even after prescribed time limit.
4. **Age:** Maximum 65 years.

Willing applicants may submit application with all the testimonials at the time of Walk-in-Interview.

**(A.K. Pandey)**
**Dean**

Azadi Ka Amrit Mahotsav



# RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT
## Government of Sikkim
## Gangtok

**Ref. No. 320/MGNREGA/RDD** **Dated: 01.06.2023**

## Advertisement for the post of three members Appellate Authority under MGNREGA

Application in the prescribed format is invited from interested candidates for filling up three posts for Appellate Authority for the State under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA Sikkim). The selection will be based on the internal marking system of the eligible applicants by the Selection Committee. The senior most of the three members of the Appellate Authority will be the Chairperson.

The criteria, qualification, remuneration, and tenure of the said post are placed here under:

**1. Eligibility criteria:**

- Minimum 30 years of experience in academics (teaching) or civil service or civil society organisation.
- Person with eminent standing and impeccable integrity
- Should not be a member of any recognized political party or currently banned organisations.
- Should be below 66 years at the time of appointment.
- The applicant must be physically active and capable of conducting field tours, inspections and visits to remote rural areas.
- Those who have completed at least 1 year as MGNREGA Ombudsman will be given preference.

**2. Remuneration:**

- Remuneration will be calculated at the rate of Rs.2500/- per sitting with maximum upper limit of Rs.50, 000/- (Rupees fifty thousand) per month. All necessary support to enable the Appellate Authority to carry out the assigned functions shall be provided when required. TA/DA shall be provided at rate admissible to Class-I officers of the State Government.
- For office work, the Appellate Authority will operate from the premises of the Rural Development Department, Gangtok.

**3. Tenure:**

- The tenure of the engagement will be 2 years extendable not more than twice by 1 year each based on performance appraisal or till the incumbent attains the age of 68 years whichever is earlier. There shall be no re-appointment.

The application format may be obtained from the office of the Additional Secretary – MGNREGA, 3rd Floor, RDD, Head Office, Gram Vikas Bhawan, Gangtok during office hours or an online application may be submitted by E-mail to **nregahq@gmail.com**.

The last date for application is 28.06.2023.

**Additional Secretary / MGNREGA**

**R.O. No. 51/IPR/PUB/Classi/23-24, DT.: 02.06.2023**

# लौटी संबंधों में गर्मजोशी

नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहाल प्रचंड की गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती देने के लिहाज से खासी अहम रही। दोनों के बीच एनर्जी, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर विस्तृत बातचीत हुई और कई क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को रेखांकित किया गया, लेकिन इस यात्रा की सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों देशों के संबंधों में पिछले कुछ समय से गर्मजोशी की जो कमी दिख रही थी, वह दूर होती महसूस हुई। दोनों निकटतम पड़ोसी देशों के बीच सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संबंधों की पुरानी और समृद्ध परंपरा रही है। इनके बीच पांच राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड- से लगती 1850 किलोमीटर लंबी सीमा है। सीमा के आर पार रोटी-बेटी का रिश्ता सदियों से बना हुआ है। इन सबके बावजूद पिछले वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में असाधारण गिरावट देखी गई थी। जहां नेपाल में ऐसा माहौल बना कि भारत उस पर हावी होना चाहता है और उसके क्षेत्रों को हड़पना चाहता है, वहीं भारत में यह धारणा मजबूत हुई कि नेपाल के कुछ नेता चीन के इशारे पर भारत के लिए परेशानी खड़े करने वाली नीति अपनाने पर तुले हुए हैं। बहरहाल, अच्छा है कि वह दौर बीता और अनावश्यक टकराव के बजाय आपसी सौहार्द और सहयोग के जरिए विकास की गति तेज करने की इच्छा नीति निर्माण के केंद्र में आई। पिछले साल दिसंबर में पद ग्रहण करने के बाद से ही प्रचंड इस बात को लेकर सतर्क दिखे कि उनके किसी कदम से भारत में गलतफहमी न बने। संभवत: इसीलिए यहां आने से पहले उन्होंने चीन के बोआओ फोरम फॉर एशिया का निमंत्रण ठुकरा दिया।

भारत के लिए नेपाल की अहमियत द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में तो है ही, पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति और सहयोग का माहौल बनाए रखने के लिहाज से भी है। प्रचंड की इस यात्रा में यह बात रेखांकित हुई कि परस्पर सहयोग, सम्मान और विश्वास का रिश्ता न केवल इन दोनों देशों के लिए बल्कि इस पूरे क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। उदाहरण के लिए, बिजली को ही लें तो भारत तो नेपाल से बिजली खरीद ही रहा है, नेपाल भारत के रास्ते बांग्लादेश को भी बिजली की सप्लाई करना चाहता है। बांग्लादेश की भी दिलचस्पी इस प्रॉजेक्ट में है। यह प्रॉजेक्ट आगे बढ़ता है तो तीनों देश लाभान्वित होंगे। ऐसे अन्य मामले भी हैं।

बेशक दोनों देशों में सीमा विवाद भी हैं, जो कुछ समय पहले उग्र रूप में सामने आए थे, लेकिन ऐसे विवाद शांति, सहयोग और विश्वास के माहौल में बातचीत के जरिए बेहतर ढंग से सुलझाए जा सकते हैं। इसीलिए दोनों पक्षों ने उन पर जोर देने के बजाय सहयोग और सामंजस्य बढ़ाने की नीति अपनाई है। उम्मीद है कि दोनों देश आपसी समझदारी से अपने पारंपरिक रिश्तों को पीएम मोदी के शब्दों में हिमालय सी ऊंचाई देने में कामयाब होंगे।

# नए रिकॉर्ड की ओर वैश्विक तापमान

**वीर सिंह**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले पांच वर्ष वैश्विक तापमान के सारे रिकॉर्ड तोड़ देंगे। 'ग्लोबल एनुअल टू डिकेडल क्लाइमेट अपडेट, 2023-2027' शीर्षक से डब्ल्यूएमओ की नई रिपोर्ट में अगले पांच वर्षों के लिए जो भविष्यवाणियां की गई हैं, वे भयानक हैं : जैसे नए रिकॉर्ड तक तापमान का बढ़ना, समुद्र का गर्म होना, समुद्री जल का अम्लीकरण, ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, समुद्र स्तर में वृद्धि, और मौसम में चरम स्तर तक परिवर्तन। रिपोर्ट में इस तरह के चरम परिवर्तनों की 98 प्रतिशत तक आशंका जताई गई है।

सबसे आश्चर्यजनक बात है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में ही टूट जाएगा। ऐसे वक्त में जब संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं से लेकर राष्ट्रीय सरकारें और जलवायु प्रबंधन की नीतियां तथा कार्यक्रम बनाने में जुटे वैज्ञानिक तक यत्न कर रहे हैं कि सृष्टि के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने दिया जाए, डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट सबको सन्न कर जाती है और विशेषज्ञों की आशाओं पर पानी फेर जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 से 2027 के बीच प्रत्येक वर्ष पूर्व-औद्योगिक औसत (1850-1900) की तुलना में 1.1-1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म होगा। इन वर्षों में से किसी एक के वार्षिक औसत तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस को पार करने की 66 प्रतिशत आशंका है।

डब्ल्यूएमओ के महासचिव प्रोफेसर पेटेरी तालस का कहना है, 'इस रिपोर्ट का आशय यह नहीं कि हम पेरिस समझौते में निर्दिष्ट 1.5 डिग्री सेल्सियस के स्तर को स्थायी रूप से पार कर लेंगे, जो कई वर्षों में दीर्घकालिक गर्माहट को संदर्भित करता है। डब्ल्यूएमओ चेतावनी दे रहा है कि हम बढ़ती आवृत्ति के साथ अस्थायी आधार पर 1.5 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर लेंगे।'

डेढ़ डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार करने का 'अस्थायी आधार' बताकर महासचिव बेशक डर को थोड़ा कम कर रहे हैं, लेकिन इसके बारे में वह कोई ठोस तर्क नहीं देते हैं। तापमान अबाध रूप से लक्ष्य के आगे नहीं बढ़ेगा, इसकी भी कोई तार्किक गारंटी नहीं हो सकती। हां, तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तापमान के लक्ष्य से ऊपर पहुंचने के संकेत देती है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, एक वर्ष में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने या बढ़ने की आशंका नाटकीय रूप से बढ़ गई है। वर्ष 2015 में ऐसी आशंका लगभग शून्य थी, 2017 से 2021 तक यह 10 प्रतिशत थी। लेकिन अब यह बढ़कर 66 प्रतिशत हो गई है।

ब्रिटिश मौसम विज्ञान कार्यालय के वैज्ञानिक डॉ. लियोन हरमनसन के अनुसार, 'वैश्विक तापमान में वृद्धि जारी रहने की भविष्यवाणी हमें उस जलवायु से और आगे ले जाती है, जिसके हम आदी हैं।' जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, समुद्री बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने में तेजी आती है, दुनिया भर में वर्षा की दर में परिवर्तन आता है, बाढ़ और सूखे का कुचक्र चलता है, समुद्र का स्तर बढ़ता है, चरम मौसमी घटनाएं बढ़ती हैं और वनों में आग लगने की घटनाएं उग्र होने लगती हैं।

अगले पांच वर्षों के वैश्विक दृष्टिकोण से परे डब्ल्यूएमओ की यह रिपोर्ट कई अन्य संभावित क्षेत्रीय प्रभावों पर भी प्रकाश डालती है। उदाहरण के लिए, 2023 से 2027 तक लगभग पूरे विश्व में शीत ऋतु सामान्य से अधिक गर्म होने वाली है और शीतकाल में आर्कटिक क्षेत्र का तापमान वैश्विक औसत तापमान से तीन गुना ज्यादा बढ़ जाने का अनुमान है। सर्दियों के महीनों में विश्व के शेष हिस्सों की तुलना में आर्कटिक कितना गर्म होगा, यह वास्तव ने बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

डब्ल्यूएमओ मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के अनुमानित निकट-भविष्य के प्रभावों की एक झलक प्रदान करने के लिए और जलवायु प्रभावों को प्राकृतिक रूप से होने वाली अल नीनो जैसी घटनाओं से जोड़ने के लिए वार्षिक आधार पर रिपोर्ट तैयार करता है। इस रिपोर्ट से पर्यावरण विशेषज्ञों, जलवायु चिंतकों, वैज्ञानिकों और नीति निर्धारकों से लेकर आम लोगों तक में हलचल होती है। इस बार की रिपोर्ट तो अद्भुत हलचल पैदा करने वाली है। संभव है कि इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में दुबई में होने वाली संयक्त राष्ट्र की 28वीं जलवायु कॉन्फ्रेंस में कुछ नई गर्माहट पैदा हो।

डॉ. तालस कहते हैं, 'आने वाले महीनों में एक वार्मिंग अल नीनो के उभरने की आशंका है और यह मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर वैश्विक तापमान को अज्ञात क्षेत्र में धकेल देगा। स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, जल प्रबंधन, और पर्यावरण के लिए इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। हमें तैयार रहने की आवश्यकता है। अवश्य ही सृष्टि का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की लक्ष्मण रेखा से पार होने की आशंका निरंतर बढ़ रही है, लेकिन कई विशेषज्ञों ने उस सीमा को स्थायी रूप से पार करने से बचने के लिए पहले से ही रास्ते तैयार कर लिए हैं।' लेकिन सवाल उठता है कि बचने के कौन-से रास्ते तैयार किए गए हैं, और 1.5 डिग्री सेल्सियस को 'अस्थायी' बनाए रखने के कौन-से तैयार उपाय हैं, इस बारे में डब्ल्यूएमओ के महासचिव ने खुलकर नहीं बताया।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर राजकीय पैनल (आईपीसीसी) ने अप्रैल, 2022 में अपनी छठी रिपोर्ट में बताया था कि ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में बड़े परिवर्तनों की आवश्यकता होगी, जैसे जीवाश्म ईंधन के उपयोग में भारी कमी, व्यापक विद्युतीकरण, वैकल्पिक ईंधन (जैसे हाइड्रोजन), उच्च ऊर्जा दक्षता, आदि।

वैसे इस तरह के सुझाव और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की संस्तुतियां बार-बार सामने आती रहती हैं, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के लिए उत्तरदायी ऊर्जा के चलताऊ संसाधनों को छोड़कर स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों पर पूर्ण रूप से निर्भर होना अभी एक स्वप्न ही बना हुआ है। ऊर्जा के स्वच्छ वैकल्पिक संसाधनों को लागू करना राष्ट्रीय सरकारों के हाथ में है और उनसे अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन कराया जा सके, अभी तक यह असंभव बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के पास इतनी शक्ति नहीं कि दुनिया के देशों को जलवायु हितों के अनुरूप कार्यक्रम लागू करने के लिए बाध्य कर सके।

# बारिश का पानी संचित करने के लिए स्पंज सिटी की जरूरत

**वीरेंद्र कुमार पैन्यूली**

मई में अचानक आई आंधी और बारिश के कारण अनेक महानगरों में जल-भराव दिखने लगा, तो हैरत नहीं हुई, क्योंकि ये दृश्य आम हो गए हैं। जलवायु बदलाव का यह एक प्रभाव, तो अब हमारे देश में साफ दिखता ही है कि मानसून के दिन जब न भी हों, तो अतिवृष्टियां होती हैं और हमारे महानगर पानी-पानी हो जाते हैं। पानी न बाहर बहता है, न जमीन में समाता है। सड़कों पर परिवहन ठप हो जाता है। स्कूल बंद करने पड़ते हैं। कार्यालयों की उपस्थितियों पर भी असर पड़ता है।

अक्तूबर, 2020 में पूरे भारत में ही बहुत ज्यादा बारिश हुई थी। तब हैदराबाद में अक्तूबर की बरसातों का 100 सालों का रिकॉर्ड टूट गया था। हफ्तों तक हजारों घर बाढ़ के बाद भी डूबे रहे थे। दिल्ली में भी अक्तूबर, 2022 की भारी बरसात ने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ा था। नवंबर, 2022 में दूसरे सप्ताह तूफान जनित बारिश से उपजी बाढ़ की स्थितियों से चेन्नई व आसपास के जिलों के शहरी क्षेत्रों का जूझना लंबे समय तक जारी रहा था। इसी बीच, यदि जल-भराव हो जाए, तो ऐसे शहरी या ग्रामीण इलाकों में बाद की हल्की बरसातों में भी जल का भीतर रिसना बंद या धीमा हो जाता है।

मानसूनी बरसातों में ऊंचे हुए स्थानीय वाटर टेबल की स्थितियों में जब लगभग तत्काल बाद ही मान लें कि नवंबर में यदि आकस्मिक चक्रवाती तूफानों आदि के कारण अतिवृष्टि हो जाए, तो भी जल-जमाव होने से पानी का जमीन के भीतर जाना ठहर जाएगा। ऐसे में जब भारी आर्थिक लागत के कारण स्थानीय नगर निकाय यदि नए जोड़े गए गांवों आदि के बढ़ते शहरी विस्तारों में न नई निकासी प्रणाली बना पाएं और न ही पुरानी प्रणाली को ठीक कर पाएं, तो अपर्याप्त जल निकासी क्षमता के कारण ज्यादा बारिश होने पर भी जल-जमाव होने लगता है।

ऐसे समय जब देश के अधिकांश महानगरों में जल निकासी प्रणाली अक्षम साबित हो रही है, इन्हें 'स्पंज सिटी' बनाए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। स्पंज सिटी बाढ़ प्रबंधन, पारिस्थितिक बुनियादी ढांचे और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक नया शहरी निर्माण मॉडल है। इसमें पुरानी जर्जर जल निकासी प्रणाली पर और अधिक भार डालने के बजाय अतिरिक्त रूप से धारणीय निकासी प्रणाली की स्थापना में जोर होता है। यों भी शहरीकरण से बाढ़ का जोखिम तीन गुना बढ़ जाता है।

भारी बारिश में पुरानी जल निकासी प्रणाली की नाकामी के बाद सबसे पहले चीन में वर्ष 2000 में स्पंज सिटी का सिद्धांत प्रतिपादित हुआ। तब चीन के आधे से ज्यादा शहर पानी की कमी से भी जूझ रहे थे। शहरों में बाढ़ प्रबंधन योजनाएं भी अस्तित्व में नहीं थीं। चीन चाहता है कि उसके महानगर अपने-अपने यहां होने वाली बारिश के 70 फीसदी पानी का उपयोग करें। इसी क्रम में उसने 2014 से स्पंज सिटी को अपने शहरी नियोजन का हिस्सा बना दिया।

स्पंज सिटी में पेड़, पार्क, झील, तालाब, वेटलैंड्स, रेन गार्डंस, ग्रीन रूफ पार्क आधारित अतिवृष्टि प्रबंधन पर जोर रहता है। स्पंज सिटी वास्तव में अपने पानी को बाहर छोड़ने के बजाय, अपनी सीमाओं के भीतर उपयोग के लिए संभाल कर रखती है। भूजल शहरी भारत में 50 प्रतिशत जल आपूर्ति में काम आता है। ऐसे में बरसात का पानी बेकार जाना अक्षम्य-सा है। स्पंज सिटी का मतलब यह भी है कि जैसे स्पंज से सोखा हुआ पानी बाद में उससे निकाला जा सकता है, वैसे ही स्पंज सिटी में बारिश के अवशोषित पानी का बाद में खेती व घरेलू काम में उपयोग हो सकता है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चेन्नई महानगर विकास प्राधिकरण (सीएमडीए) ने नवंबर, 2021 में आई बाढ़ के बाद भविष्य की मूसलाधार बारिश के पानी को जमीन सोख सके, इसके लिए स्पंज पार्क बनाने का निश्चय किया था। अनौपचारिक रूप से इसको भारत में आदर्श स्पंज सिटी बनाने का शुरुआती प्रयास माना जा सकता है। इसी तरह से वृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने भी फरवरी, 2021 में स्पंज सिटी की अवधारणा को लागू करने की बात की थी। भारत के महानगरों और बड़े शहरों में बरसात के सामान्य मौसम के अलावा भी बाढ़ की समस्या जिस तरह से बढ़ रही है, उसमें स्पंज सिटी की अवधारणा को विस्तार देने की जरूरत है।

# शेख हसीना के चीन के पाले में जाने से बढ़ेगी भारत की चिंता

**सुबीर भौमिक**

ढाका में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान भारत और बांग्लादेश के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में अगले वर्ष वहां होने वाले चुनाव से जुड़ी कुछ अनिश्चितताएं सामने आईं। कुछ समय बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी अपने ढाका दौरे में बांग्लादेश की जमीनी हकीकत जानने का अवसर मिला। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना हालांकि ठीक स्थिति में दिख रही हैं, इसके बावजूद सब कुछ सामान्य नहीं लग रहा। बीएनपी के नेतृत्व में वहां के कट्टर इस्लामी विपक्ष ने कहा है कि अगर आगामी चुनाव मौजूदा सरकार के नेतृत्व में होता है, तो वह इसमें भाग नहीं लेगी, क्योंकि इसमें 'पिछली बार की तरह बड़े पैमाने पर धांधली होनी तय है।'

अमेरिका सहित पश्चिमी शक्तियां एक गैर-पक्षपाती अंतरिम सरकार की निगरानी में चुनाव कराए जाने की विपक्ष की मांग का समर्थन कर रही हैं। दरअसल 2010 तक बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की निगरानी में ही चुनाव कराने की परिपाटी थी, लेकिन उसी साल अवामी लीग की सरकार ने उस व्यवस्था को समाप्त कर दिया, जिसके पास संसद में भारी बहुमत था। हालांकि अवामी लीग के पास 2006-08 के अनुभव के बाद अंतरिम सरकार के बारे में आशंकित होने के ठोस कारण हैं, जब सैन्य समर्थन से दो शक्तिशाली महिलाओं (शेख हसीना वाजेद और खालिदा जिया) को हटाकर पिछले दरवाजे से नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को सत्ता सौंपी गई थी।

मोहम्मद यूनुस अमेरिका के चहेते हैं, जिन्हें बांग्लादेश का अशरफ गनी भी कहा जा सकता है। पर पश्चिमी समर्थन, बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक लघु ऋण लाभार्थी नेटवर्क और नोबेल पुरस्कार जैसी विराट उपलब्धि को वह राजनीतिक रूप से रूपांतरित करने में स्पष्ट रूप से विफल रहे हैं। अब उन पर श्रम अदालत में मुकदमे भी चल रहे हैं। पर आश्चर्यजनक यह है कि इसके बावजूद वह अपने पश्चिमी संबंधों को बनाए रख सकते हैं। यूनुस के वकील ने तो अदालत में यह दावा तक किया है कि उन्हें दूसरा नोबेल मिल सकता है। ऐसा लगता है कि अमेरिका बांग्लादेश में यूनुस को आगे रखकर, सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी अभियान चलाकर तथा मानवाधिकार व लोकतंत्र के मुद्दे उठाकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। यह वैसा ही अभियान है, जैसा उसने 2013 में यूक्रेन में किया था। पर पश्चिमी दबाव बढ़ने से शेख हसीना चीन के करीब आ सकती हैं, संयुक्त राष्ट्र में जिसका वीटो बांग्लादेश के खिलाफ लगने वाले प्रस्तावों को रोकने में सक्षम है। भारत की यहां दो स्पष्ट सीमाएं हैं- उसके पास संयुक्त राष्ट्र का वीटो नहीं है, और चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक गठजोड़ भारत को बांग्लादेश के मुद्दे पर वाशिंगटन से जवाब-तलब करना मुश्किल बना देगा। फिर भारत में अब प्रणब मुखर्जी जैसे अनुभवी राजनीतिज्ञ की कमी है, जो बांग्लादेश को अच्छी तरह से जानते थे।

यदि बांग्लादेश म्यांमार (और श्रीलंका) के रास्ते पर चला जाता है, तो फिर पड़ोस में भारत के लिए क्या बचेगा? वैसे में, अपने सबसे बड़े एशियाई प्रतिद्वंद्वी को रणनीतिक रूप से घेरने का चीन का काम लगभग पूरा हो जाएगा। और यदि बांग्लादेश में यूक्रेन जैसा एक अमेरिकी ऑपरेशन काम करता है, तो भारत को बांग्लादेश में एक इस्लामी व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाना होगा, जो अवामी शासन के पिछले 14 वर्षों के दौरान हुए बहुत से लाभों पर पानी फेर सकता है। बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया ने धमकी दी ही है कि सत्ता में आने पर वह हसीना द्वारा भारत के साथ किए तमाम समझौतों की समीक्षा करेंगी।

इस साल हुए गोपनीय सर्वेक्षण के मुताबिक, अगर अवामी लीग अपने मौजूदा सांसदों के साथ चुनाव मैदान में उतरती है, तो 300 सदस्यों के सदन में उसे केवल 32-47 सीटें मिलेंगी। लेकिन सर्वे, जिसकी रिपोर्ट इस लेखक ने देखी है, यह भी बताता है कि अगर अवामी लीग अपने सबसे लोकप्रिय उम्मीदवारों के साथ चुनाव मैदान में उतरती है, तो वह 83-117 सीटों पर जीत हासिल कर लेगी। लेकिन यदि सरकार अगले छह महीने में अच्छा प्रदर्शन करती है और कुछ महत्वपूर्ण कार्रवाई के जरिये भ्रष्टाचार और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर रोक लगाती है, तो सर्वे के मुताबिक, अवामी लीग 140 सीटों के करीब पहुंच सकती है, क्योंकि तब 37 फीसदी मतदाता अपना मन बदल सकते हैं।

इसलिए हसीना पर भ्रष्ट और अक्षम मंत्रियों को बदलने तथा पार्टी में विशेष रूप से गृह, वित्त, विदेश, सूचना, उद्योग, वाणिज्य और जल संसाधन मंत्रालय में साफ-सुथरे चरित्र वाले नेताओं को जगह देने का दबाव बढ़ रहा है।

कुछ लोगों ने अमीर हुसैन अमू और बहाउद्दीन नसीम जैसे दिग्गजों को मंत्रिमंडल में शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि सरकार को कानून और व्यवस्था के बढ़ते संकट से उबारने में मदद मिल सके। इस वजह से भारतीय दबाव भी बढ़ गया है, क्योंकि भारत अवामी लीग को सत्ता में वापस देखना चाहता है, लेकिन निष्पक्ष चुनाव के जरिये, जिससे न सिर्फ पश्चिमी जुमलेबाजी बंद हो सकती है, बल्कि वह स्थिति बांग्लादेश को एक-दलीय शासन में जाने से भी रोकेगी, जिससे चीनी वर्चस्व बढ़ने की ही आशंका है।

# बेरोजगारी भत्ता नहीं रोजगार दीजिए

**मधुरेंद्र सिन्हा**

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की किताब के कुछ पन्ने इस्तेमाल किए, मसलन मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त ट्रांसपोर्ट वगैरह। कांग्रेस उससे आगे बढ़कर बेरोजगारी भत्ता भी लेकर आई। अब तक आर्थिक विशेषज्ञ मुफ्त की बिजली और पानी पर सवाल उठा ही रहे थे कि कांग्रेस ने अपने तरकश से बेरोजगारी भत्ता का नया दांव खेल दिया। पाठकों को याद होगा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था और उसकी आलोचना भी हुई थी।

दरअसल नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने यह सुझाव दिया था कि हर बेरोजगार को कम से कम 2,500 रुपये भत्ता मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने यह फॉर्मूला विधानसभा चुनाव में चलाया और यह लोकप्रिय हो गया। पर कांग्रेस ने अभिजीत बनर्जी के सुझाव का वह हिस्सा गायब कर दिया, जिसमें उन्होंने राजस्व अनुशासन की बात कही। उन्होंने नए टैक्स लगाने की भी बात कही और कुछ टैक्स बढ़ाने की भी बात की थी। लेकिन कांग्रेस ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। मुफ्त की बिजली-भत्ता वगैरह को मिलाकर राज्य के कोष पर लगभग 54,000 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। 5.4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज से दबे कर्नाटक को अब यह भार भी सहना पड़ेगा। इस कर्ज के ब्याज को चुकाने पर इस साल राज्य को लगभग 35,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। यह सारा पैसा कहां से आएगा, इस बारे में सरकार खामोश है।

कर्नाटक में अन्य राज्यों की तुलना में बेरोजगारी कम है। फिक्की की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वहां मार्च, 2023 में बेरोजगारी दर 2.7 फीसदी थी, जो देश के औसत 4.2 फीसदी से कम है। फिर भी यह संख्या बहुत है।

इससे अच्छा है कि रोजगार बढ़ाने के कार्यक्रमों पर जोर दिया जाए। समस्या यह है कि सातवें वेतन आयोग ने देश में सरकारी नौकरियां सृजित करने पर कुठाराघात किया है। सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य के वेतन इतने ज्यादा हो गए हैं कि उन सरकारों के बजट पर भारी बोझ आ गया है, जिन्होंने इसे मंजूर कर लिया है। कर्नाटक में इस साल के अंत तक सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू हो जाएगी, क्योंकि कर्नाटक सरकार ने इसे राज्य में लागू करने के लिए आयोग की समिति को 16 नवंबर तक की अवधि दी है। कर्नाटक में इसे लागू करने के बाद सरकार के खर्च में 12 से 18,000 करोड़ रुपये का इजाफा हो जाएगा। वहां के ढाई लाख से भी ज्यादा सरकारी कर्मचारियों के लिए यह शानदार तोहफा होगा, पर वे इससे ही खुश नहीं हैं, पुरानी पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। यह पेंशन व्यवस्था अवकाश प्राप्त लाखों सरकारी कर्मचारियों को मलाई खिलाने जैसी है, जिसमें बड़े अफसरों को प्रति व्यक्ति लाखों रुपये महीना तक मिल सकता है। जाहिर है, ऐसी बढ़िया स्थिति हर कोई चाहेगा। कांग्रेस ने सरकारी कर्मचारियों के इस लालच का फायदा हिमाचल प्रदेश में भी खूब उठाया है।

कर्नाटक में सरकारी खर्च में भारी बढ़ोतरी हो जाने के बाद जाहिर है कि सरकारी पदों पर नियुक्तियां प्रभावित हो जाएंगी। वहां के कर्मचारी यूनियन का कहना है कि राज्य में 39 फीसदी पद यानी लगभग दो लाख से भी ज्यादा पद रिक्त हैं, जिस कारण अन्य कर्मचारियों पर दबाव पड़ रहा है। अभी वहां पांच लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। अब राज्य के सामने समस्या होगी कि वह वेतन आयोग की सिफारिशें माने या फिर नए कर्मचारियों की नियुक्ति करे। जाहिर है कि वह ऐसे में बड़े पैमाने पर बहाली नहीं करना चाहेगी, बल्कि राज्य में बेरोजगारी भत्ता देते रहना चाहेगी।

ऐसा नहीं है कि यह हालत सिर्फ कर्नाटक की है। दिल्ली में सरकार मुफ्त बिजली-पानी दे रही है, लेकिन रोजगार नहीं। हजारों अस्थायी कर्मचारी वर्षों से आधी तनख्वाह में लटके पड़े हैं। अनुबंधित कर्मियों से काम चलाया जा रहा है। इस तरह से नए पद सृजित नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि सरकार पर वित्तीय बोझ बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। कर्नाटक जैसे राज्यों के रवैये से तो यही लगता है कि सरकार की नौकरियां देने की कोई इच्छा नहीं है। अब रोजगार सिर्फ प्राइवेट सेक्टर ही दे रहा है और दे सकता है। इसके भरोसे रहना ही अब युवाओं की नियति है।

## यूएसए में वाहन के पेड़ से टकराने से भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

न्यूयॉर्क। यूएसए में ओहायो राज्य के ह्यूरोन काउंटी में एक वाहन के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गयी। ओहियो स्टेट हाईवे पेट्रोल नॉरवॉक पोस्ट ने बताया कि भारतीय मूल के मिलन हितेशभाई पटेल (30) की इजिप्ट रोड के उत्तर में रूट 61 पर 30 मई को स्थानीय समयानुसार तड़के 4:39 बजे एक कार दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मिलन एक सफेद 2014 टोयोटा कैमरी चला रहे थे। वह सड़क के दायीं ओर कार चला रहे थे, तभी उनका वाहन ट्रैफिक साइन और पेड़ से टकरा गया। उन्होंने सुरक्षा बेल्ट नहीं पहनी थी और वाहन में फंसने के कारण उनकी मौत हो गयी।

## स्पेन के बादाजोज शहर में विस्फोट, एक की मौत, 16 घायल, इमारत का आगे का हिस्सा नष्ट

मेड्रिड। एक रिहायशी इमारत में शक्तिशाली विस्फोट होने से स्पेन के बादाजोज शहर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और कम से कम 16 लोग घायल हो गये। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। एबीसी एस्पाना अखबार ने बताया कि बादाजोज शहर में गुरुवार को एक अपार्टमेंट की इमारत में विस्फोट होने से इमारत का आगे का हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया और विस्फोट के तुरंत बाद आग लग गई। स्पेनिश पुलिस और दमकलकर्मी इमारत में घुसने में कामयाब रहे जहां उन्हें बाथरूम में एक व्यक्ति का शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने गैस रिसाव के कारण यह घटना घटने की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग को फोन किया, क्योंकि उन्हें गैस रिसाव का संदेह था। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया है।

## बंगलादेश के वित्त मंत्री ने बजट में कुछ उत्पादों व वैट बढ़ाने और कुछ में घटाने का प्रस्ताव दिया

ढाका। पड़ोसी बंगलादेश के वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ने संसद में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7,61,785 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह उनका पांचवां और बंगालदेश के स्वतंत्रता के बाद 52वां बजट है तथा अवामी लीग के अपने तीन कार्यकालों में यह 15वा बजट है। इससे पहले संसद में मत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री शेख हसीना की अध्यक्षता में प्रस्तावित बजट को मंजूरी दी गई थी। वित्त मंत्री ने अपने बजट में कुछ उत्पादों और सेवाओं शुल्क या वैट बढ़ाने और कुछ में घटाने का प्रस्ताव दिया है। यह बजट वर्तमान संशोधित बजट से 1,01,278 करोड़ रुपये अधिक है। इसमें मुख्य तौर से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने का मुख्य उद्देश्य है। बजट से उत्पाद और सेवाओं में कुछ कीमतें बढ़ सकती हैं या फिर कुछ सस्ती हो सकती हैं। जो उत्पाद और सेवाएं महंगी हो सकती हैं उनमें पैन, फेशियल टिश्यू, टॉयलेट टिश्यू, सीमेंट, काजू, बासमती चावल, चश्मा, एलपीजी सिलेंडर, प्लास्टिक उत्पाद, एल्युमिनियम उत्पाद, सिगरेट, खजूर, विदेशी टाइल्स और मोबाइल फोन शामिल हैं। इसके अलावा जो उत्पाद और सेवाएं सस्ती हो सकती हैं, उनमें मिष्ठान, मधुमेह-कैंसर-क्षय रोग की दवाएं, हाथ से बने बिस्किट-केक, पशु आहार, ब्लेंडर-प्रेशर कुकर-जूसर, ई-कॉमर्स डिलीवरी शुल्क, हेलीकॉप्टर लीज, कंटेनर, सैनिटरी नैपकिन-डायपर, एलईडी, बल्ब और स्विच-सॉकेट तथा ऑप्टिकल फाइबर शामिल हैं।

## अमेरिकी सीनेट ने ऋण सीमा विधेयक पारित कर राष्ट्रपति बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा

वाशिंगटन। अमेरिका के सीनेट ने संघीय खर्च एवं ऋण सीमा विधेयक को पारित कर दिया है। जिससे अमेरिका अपने ऋण दायित्वों में होने वाली चूक को रोकने में सक्षम होगा। सीनेट ने इस विधेयक को गुरुवार रात 36 के मुकाबले 63 मतों से पारित किया और इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेज दिया। राष्ट्रपति बाइडेन और हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के बीच पिछले कई सप्ताहों से ऋण सीमा समझौते पर बातचीत चल रही थी। यह सीमित राजकोषीय सुधारों के बदले में अमेरिकी ऋण सीमा को दो वर्षों के लिए लिए बढ़ाता है, जिसमें अप्रयुक्त कोविड-19 फंड की पुन: प्राप्ति और कुछ आंतरिक राजस्व सेवा के वित्तपोषण को रद्द करना शामिल है। निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने इस विधेयक को बुधवार रात 117 के मुकाबले 314 मतों से पारित किया था। वित्त विभाग ने बताया कि अगर कांग्रेस ऋण सीमा बढ़ाने वाले इस विधेयक को पारित करने में विफल रहती है तो अमेरिका को 5 जून से अपने वित्तीय दायित्वों पर चूक का जोखिम उठाना पड़ता।

## अल पचीनो ने गर्लफ्रेंड की प्रेग्नेंसी के बाद की पैटरनिटी टेस्ट की मांग

वाशिंगटन। 29 वर्षीय गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह के प्रेग्नेंट होने के बाद हॉलीवुड स्टार अल पचीनो काफी चर्चाओं में है। अब अभिनेता ने चुप्पी तोड़कर पैटरनिटी टेस्ट की मांग की है, ताकि पता चल सके कि ये बच्चा उनका है या नहीं? 83 वर्षीय एक्टर को विश्वास नहीं हो रहा है कि नूर उनके बच्चे को जन्म देने वाली हैं, क्योंकि वह एक चिकित्सा समस्या से जूझ रहे है, जो आमतौर पर बांझपन का कारण होती है। नूर पहले ही टेस्ट से गुजर चुकी हैं और साबित हो गया है कि हॉलीवुड स्टार वास्तव में उनके बच्चे के पिता हैं। नूर की प्रेग्नेंसी की खबर मई के आखिर में आई थी। वह कथित तौर पर आठ महीने साथ में थे। सोशल मीडिया पर खबरें तेज है कि कपल एक महीने में अपने पहले बच्चे का एक साथ स्वागत करेगा। हालांकि, स्टार चौथे बच्चे की कोई प्लानिंग नहीं कर रहे थे, क्योंकि यह उनके लिए बहुत जल्दी हो सकता है। वे केवल एक साल से डेटिंग कर रहे हैं। अल पचीनो और नूर के डेटिंग की पहली अफवाह अप्रैल 2022 में आई थी, जब उन्हें साथ में डिनर करते हुए देखा गया था।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रियों का वजन कराकर विमान में बिठाया

आकलैंड। एयर न्यूजीलैंड की इंटरनेशनल उड़ान में सवार होने वाली सभी यात्रियों का पहले वजन कराया गया। उसके बाद ही उन्हें हवाई जहाज में बिठाया जा रहा है। एयर न्यूजीलैंड का कहना है, कि 2 जुलाई तक वह 10000 लोगों का वजन करेंगे। इसका सही औसत वजन निकाला जाएगा। ताकि हवाई यात्रा के दौरान पायलट को यात्रियों की संख्या के आधार पर विमान के वजन का पता हो। हवाई जहाज को संतुलित रखने और टेक ऑफ करने के पहले बेहतर ढंग से विमान को पायलट संतुलित रख सकें। एयरलाइंस ने कहा है कि वह प्राइवेसी का पूरा ध्यान रखेंगे। जहां वजन होगा, वहां डिस्प्ले नहीं किया जाएगा। यात्रियों के बजन का रिकॉर्ड एयरलाइंस के मुख्य सर्वर पर अपलोड होगा। न्यूजीलैंड में अभी यात्रियों का बैग के साथ औसत वजन 86 किलोग्राम माना जाता है। 2004 तक यह वजन 77 किलोग्राम माना जाता था। वजन बढ़ने से विमान का संतुलन बनाने में पायलट को तकलीफ होती थी।

## गर्मी के बीच 1 साल की बच्ची को कार में छोड़कर चली गई फॉस्टर मां, बच्ची की मौत

### -9 घंटे बाद याद आया बच्ची कार में

वाशिंगटन। अमेरिका में एक मां अपनी महज 1 साल की मासूम बच्ची को भीषण गर्मी के बीच कार में छोड़कर चली गई। मां को 9 घंटे बाद याद आया कि उसकी बच्ची कार के भीतर है। जब महिला कार के पास पहुंची, तब तक बच्ची दुनिया छोड़ चुकी थी। महिला ने अस्पताल के बाहर गाड़ी खड़ी की थी। वहां सुबह 8 बजे यहां आई। फिर शाम को 5 बजे कार तक वापस लौटी। पुलिस का कहना हैं कि बच्ची की फॉस्टर मां सुबह 8 बजे अस्पताल आकर ये भूल गई थी कि बच्ची कार में ही है। मामला अमेरिका का है। रिपोर्ट के अनुसार, फॉस्टर मां का मतलब होता है, बच्चे को पालने वाली मां। यानी इस महिला ने बच्ची को जन्म नहीं दिया है, वहां महिला उस बच्ची को केवल पाल रही है। बच्ची की मां जब शाम 5 बजे तक कार पार्किंग में पहुंची, तब उसके होश उड़ गए। महिला को एहसास हुआ कि वहां बच्ची को कार में भूल गई थी। फिर बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



सेंट्रल जावा में बौद्ध भिक्षु वसक डिवस को लेकर बोरोबुदूर मंदिर परिसर में पहुंचे।

## अमेरिकी सीनेट ने ऋण सीमा बढ़ाने संबंधी बिल पारित किया

### – अमेरिका के डिफॉल्ट होने का खतरा टला

वाशिंगटन। देश को डिफाल्ट होने से रोकने के लिए अमेरिकी सीनेट ने ऋण सीमा बढ़ाने संबंधी बिल गुरुवार देर रात पारित किया। अब इसे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर करने के लिए भेजा गया है। बाइडन और प्रतिनिधिसभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी के बीच जिस समझौता पैकेज पर सहमति बनी है, उससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद दोनों ही पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। द्विदलीय मतदान में 36 के मुकाबले 63 मतों से सीनेट ने बिल को पारित किया है। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा कि बिल के पारित होने का मतलब है कि अमेरिका राहत की सांस ले सकता है। उन्होंने कहा कि देन-दारियों में चूक न हो इसलिए यह समझौता किया गया है। इसका मतलब है कि इस पर अब अमेरिकी सरकार तय लिमिट से अधिक ऋण ले सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका की संसद ने कानून बनाकर इस कर्ज को लेने की सीमा तय की हुई है, जिसे ऋण सीमा कहा जाता है। अमेरिकी संविधान के अनुसार संसद को सरकारी खर्च को नियंत्रित करने का अधिकार दिया गया है। इसी के साथ 31.4 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा हटाने से अमेरिकी सरकार को अपने ऋण पर चूक से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद है। बाइडेन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच हफ्तों तक चली बातचीत के बाद यह समझौता हुआ है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कांग्रेस से सरकार की उधार सीमा बढ़ाने और अमेरिकी पर ऋण चुकाने पर डिफाल्ट होने से रोकने के लिए एक सौदा पारित करने का आग्रह किया था। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट ने कहा है कि यदि 31.4 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा को नहीं हटाया जाता है, तो देश के पास अपने बिलों का भुगतान करने के लिए धन की कमी हो सकती है।

# रूस के साथ मौजूदा परमाणु हथियारों की सीमा को बनाए रखने की पेशकश करेगा अमेरिका!

### एनएसए सुलिवन जाहिर कर सकते हैं इच्छा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका परमाणु हथियार नियंत्रण ढांचे के बारे में बिना किसी पूर्व शर्त के रूस के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हो गया है। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी रूस के साथ मौजूदा परमाणु हथियारों की सीमा को बनाए रखने की पेशकश करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वाशिंगटन में वार्षिक नेशनल आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन की बैठक में भाषण देंगे, जिसमें तेजी से बदलते सामरिक परमाणु परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए बिडेन प्रशासन के प्रयास को रेखांकित किया जाएगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन शुक्रवार को शस्त्र नियंत्रण संघ के एक संबोधन के दौरान एक नये ढांचे के निर्माण पर वार्ता के लिए बाइडन प्रशासन की इच्छा को स्पष्ट करेंगे। पुतिन ने फरवरी में घोषणा की थी कि वह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर वाशिंगटन और मॉस्को के बीच गहरे तनाव के बीच परमाणु हथियार और



मिसाइल निरीक्षण के लिए न्यू स्टार्ट संधि के प्रावधानों के तहत रूसी सहयोग को रोक रहे हैं।

2010 में प्राग में नई स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के पदभार ग्रहण करने के ठीक बाद पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दी गई। यह संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस द्वारा तैनात किए जा सकने वाले रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या और उन्हें वितरित करने के लिए भूमि और पनडुब्बी आधारित मिसाइलों और बमवर्षकों की तैनाती को सीमित करता है।

## राहुल गांधी ने माना...अयोग्यता का वास्तव में फायदा, भाजपा को इसका अहसास नहीं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता का वास्तव में फायदा हुआ क्योंकि इससे उन्हें खुद को परिभाषित करने का मौका मिला हैं। जबकि भाजपा को इसका एहसास भी नहीं हुआ। राहुल गांधी ने कहा इस अयोग्यता ने मेरे लिए नया आसमां खोल दिया है, मुझे खुद को पूरी तरह से फिर से परिभाषित करने का मौका मिला है। मुझे लगता है कि भाजपा ने मुझे एक उपहार दिया है, साफ कहूं तब मुझे नहीं लगता कि उन्हें इसका एहसास भी है।

पूर्व सांसद ने कहा, राजनीति सीधी रेखा की तरह नहीं है, यह पूरी तरह से एक अलग दिशा में जाती है, यह बेतरतीब होती है। इसलिए मुझे लगता है कि अभी स्पष्ट है कि उन्होंने मुझे एक उपहार दिया है..। इस साल मार्च में राहुल को उनके खिलाफ मानहानि के एक मामले में अदालत द्वारा दोषी करार देने और दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया, मैं 1947 के बाद से भारतीय इतिहास में पहला व्यक्ति हूं, जिसे मानहानि के लिए सबसे बड़ी सजा दी गई है। मेरी अयोग्यता संसद में अडाणी पर मेरे भाषण के ठीक बाद हुई। इससे यह स्पष्ट होता हैं कि देश में क्या चल रहा है।

राहुल ने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियों की चिंता नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं हत्या की धमकियों से चिंतित नहीं हूं। हर किसी को मरना है। यही मैंने अपनी दादी (इंदिरा गांधी) और पिता (राजीव गांधी) से सीखा है, आप ऐसी किसी चीज के लिए पीछे नहीं हटते।

## बाइडेन बालू की बोरी से ठोकर खाकर गिरे, उम्र को लेकर बहस फिर छिड़ी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के कोलोराडो में अमेरिकी वायु सेना अकादमी में कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन मंच पर एक बालू की बोरी से ठोकर खाकर गिर पड़े। जिससे उनकी उम्र को लेकर बहस एक



बार फिर से बढ़ गई। हालांकि बाइडेन को कुछ सेकंड के भीतर वापस उठा लिया गया और वे जल्दी से अपनी सीट वापस आ गए।

बाइडेन ने उठने में मदद किए जाने के बाद अपने पीछे कुछ इशारा किया। ऐसा लगता है कि बाइडेन टेलीप्रॉम्प्टर को रखने के लिए इस्तेमाल किए गए सैंडबैग पर फंस गए थे। वह बाद में अन्य अधिकारियों के साथ मिले और मुस्कुराते हुए 'थम्स अप' का संकेत किया। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन का स्वास्थ्य अच्छा है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति एक रेत से भरी एक बोरी से ठोकर खा गए थे। इसके पहले अपने भाषण में रूस और चीन की चुनौतियों का हवाला देकर बाइडेन ने नेवी के स्नातकों को चेतावनी दी कि वे तेजी से अस्थिर होती दुनिया के दौर में सेवा में प्रवेश करने वाले हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति का पद संभालने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बाइडेन 2024 में फिर से चुनावी दौड़ में हिस्सा ले रहे हैं। उनके प्रमुख रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प इस महीने 77 साल के हो गए हैं। इस फरवरी में डॉक्टरों ने एक शारीरिक जांच के बाद बाइडेन को स्वस्थ और ड्यूटी के लिए फिट घोषित किया। क्योंकि राष्ट्रपति बाइडेन शराब नहीं पीते हैं या तंबाकू का उपयोग नहीं करते हैं और हफ्ते में 'कम से कम' पांच बार कसरत करते हैं। पिछले जून में बाइडेन अपनी साइकिल से उतरते समय भी गिर गए थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई थी।

कई सर्वे में सामने आया है कि अमेरिका के लोग 75 साल से ज्यादा के किसी भी व्यक्ति के राष्ट्रपति बनने के बारे में लेकर चिंतित हैं। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के डेटा से पता चलता है कि 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों में गिरना, घातक चोट लगने का एक बड़ा कारण है।

# पाक में अब पीटीआई के अध्यक्ष परवेज इलाही भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार

**लाहौर (एजेंसी)।** अब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही को गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में लाहौर के आवास के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पंजाब के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने इलाही की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए मीडिया से कहा कि उनको भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान ने पुलिस की सहायता से उनके जहूर इलाही रोड स्थित आवास के बाहर गिरफ्तार किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इलाही को कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया है। जैसा कि पीटीआई के कई अन्य सदस्यों और नेताओं को किया है। इससे पहले पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को हुए विरोध और तोड़फोड़ में शामिल होने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने कहा कि इलाही गिरफ्तारी से बचने की लगातार कोशिश कर रहे थे। उनकी जमानत एक



भ्रष्टाचार मामले में खारिज कर दी गई थी। वह इस मामले में वांछित थे और भागने की कोशिश करते हुए उन्हें कल उनके आवास के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया।

पंजाब के एसीई ने एक बयान में कहा कि इलाही कई मामलों में वांछित हैं और कुछ दिन पहले भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने उनकी जमानत खारिज कर दी थी। एसीई ने दावा किया कि पीटीआई नेता ने जमानत के लिए अदालत में फर्जी चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा किया था, लेकिन बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इलाही को किस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

मीर ने कहा कि इलाही को गिरफ्तार करने की रणनीति के अंतर्गत पिछले कई दिनों से उनके आवास की घेराबंदी की गई थी। इलाही के प्रवक्ता इकबाल चौधरी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने गिरफ्तारी के दौरान उनके साथ आई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

मीर के मुताबिक पीटीआई नेता को अब अदालत में पेश किया जाएगा और उसके बाद उनकी कानूनी टीम को उनसे मिलने दिया जाएगा। इस बीच गिरफ्तारी के तुरंत बाद इलाही के पुत्र मूनिस इलाही ने कहा कि उनके पिता पीटीआई के साथ ही रहेंगे।

पीटीआई नेता फारुख हबीब ने इलाही की गिरफ्तारी को बदले की कार्रवाई करार दिया है। पीटीआई नेता बाबर अवान ने भी गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि इलाही को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने परिवार के साथ थे और गिरफ्तारी से पहले उन्हें परेशान किया गया था।

## मंगल ग्रह पर नहीं रह सकता है इंसान, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने किया दावा

वाशिंगटन। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर जीवन की अरसे से चल रही तलाश को बड़ा झटका दे दिया है। दरअसल, नासा ने मंगल ग्रह पर तीन साल पहले इनसाइट लैंडर को भेजा था। नासा ने इससे मिले डाटा के आधार पर कहा है कि मंगल ग्रह पर ना तो इंसान रह सकता है और ना ही वहां जा सकता है। नासा के मुताबिक, मंगल ग्रह के केंद्र में भूकंपीय तरंगे मौजूद हैं। नासा को इनसाइट लैंडर से मिले डाटा के विश्लेषण से ये भी पता चला कि मंगल ग्रह के केंद्र पिघला हुआ लोहा और लोहे से बनने वाली कई धातुएं मौजूद हैं। इन धातुओं में सबसे ज?यादा सल?फर और ऑक्सीजन पाया गया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, डाटा से पता चला कि करीब साढ़े चार अरब साल पहले मंगल ग्रह का निर्माण कैसे हुआ? इसी डाटा से वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि मंगल और धरती में क्या अलग है? वहीं, दोनों के बीच समानताओं के बाद भी धरती पर जीवन होने और लाल ग्रह पर इंसानों के जीवित नहीं रह पाने के कारण भी स्पष्ट हो गए। अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर और शोधकर्ता वेदर्न लेकिक की टीम ने लाल ग्रह पर दो भूकंपीय घटनाओं पर नजर रखी। इनमें पहली घटना, मंगल ग्रह पर आने वाले भूकंप और दूसरी अंतरिक्ष से किसी चीज को भेजने पर हुई टक्कर से मंगल ग्रह के केंद्र में पैदा होने वाली भूकंपीय तरंगे शामिल थीं। भूकंप विज्ञानियों ने जानकारी जुटाई कि भूकंपीय तरंगों को लाल ग्रह की सतह पर मौजूद दूसरी तरंगों के साथ मंगल की कोर से गुजरने में कितना वक्त लगता है। फिर मिले डाटा का लाल ग्रह की दूसरी भूकंपीय घटना और पृथ्वी के डाटा से तुलनात्मक अध्ययन किया। इससे वैज्ञानिकों को मंगल ग्रह पर मौजूद पदार्थ के घनत्व और दबाव की क्षमता का पता चला। इसी से पता चला कि मंगल का केंद्र पिघला हुआ है। इसके उलट धरता के केंद्र की बाहरी परत ठोस, सख्त और अंदर से पिघली हुई है।

# भारतीय मूल के अमेरिकी देव को मिला 2023 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी खिताब

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल के 14 साल के अमेरिकी छात्र देव शाह ने 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी खिताब जीता है। देव ने 'सैमोफाइल शब्द की सही स्पेलिंग बताकर साल 2023 का ये 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी खिताब हासिल किया। वहीं वर्जीनिया के अर्लिंगटन की रहने वाली शैर्लट वॉल्श (14) इस प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं। खिताब विजेता देव फ्लोरिडा के लार्गो शहर में आठवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्हें इस खिताब के साथ ही 50 हजार अमरीकी डॉलर की इनामी राशि भी हासिल की है। स्पेलिंग बी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए हैं। यह शब्दों के सही स्पेलिंग बताने से जुड़ी प्रतियोगिता है। मैरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देव ने कहा, ' खिताब जीतने का यह अहसास अद्भुत है। एक रिपोर्ट के अनुसार शाह ने 'सैमोफाइल के सही स्पेलिंग बताकर इस प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। गौरतलबह है कि 'सैमोफाइल रेतीले क्षेत्रों में पाए जाने वाले पौधे या जानवर होते हैं। देव तुरंत ही इस शब्द को पहचान गए थे, लेकिन फिर भी पूरी तरह से संतुष्ट होने के लिए उन्होंने इससे जुड़े कुछ सवाल पूछे। उन्होंने पूछा, 'ग्रीक में सैमो का मतलब रेत है? और 'फाइल का मतलब प्यार है? देव ने तीसरी बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। गौरतलब है कि इससे पहले वह 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं।

शाह की जीत के बाद उनके माता-पिता भी खुशी के साथ ही बेहद भावुक नजर आए। उनकी मां ने कहा कि वह पिछले चार साल से इसके लिए मेहनत कर रहा था। प्रारंभिक दौर की प्रतियोगिता मंगलवार को आयोजित की गई, जबकि क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल बुधवार को हुए।



### तनिष्क ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# एक्सचेंज किया 100 टन सोना

अनुगामिनी ब्यूरो

गंगटोक, 02 जून। टाटा समूह के आभूषण ब्रांड तनिष्क ने 100,000 किलोग्राम (100 टन) सोने का आदान-प्रदान करने की उपलब्धि हासिल की, कंपनी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह घोषणा की। सोने का आदान-प्रदान दो मिलियन लोगों द्वारा किया गया था।




ग्राहकों के लिए एक्सचेंज आज की उच्च कीमतों और उनके लॉकरों में पड़े निष्क्रिय सोने को देखते हुए अच्छा है। यह देश के लिए भी अच्छा है क्योंकि यह आयात को कम करता है और ग्राहकों के लिए अच्छा है क्योंकि हम सोने का पुनर्चक्रण कर रहे हैं। टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वैलरी डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजॉय चावला ने कहा, हम सभी को उत्सव में शामिल होने और अपने पुराने गहनों को अपसाइकल करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज ऑफर पूरे साल देश भर में इसके सभी स्टोर्स पर चलेगा, जिसमें किसी भी जौहरी से खरीदे गए 20 कैरेट और उससे अधिक के पुराने सोने पर 100 प्रतिशत मूल्य दिया जाएगा। 1994 में लॉन्च तनिष्क एक टाइटन कंपनी है, जो टाटा समूह द्वारा समर्थित है। आभूषण खुदरा श्रृंखला वर्तमान में देश भर के 250 से अधिक शहरों में 400 से अधिक विशिष्ट आउटलेट संचालित करती है।

# सहारा के लाखों निवेशकों के लिए गुड न्यूज, एसबीआई लाइफ को मिलेगा सहारा का इंश्योरेंस बिजननस



नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। सहारा ग्रुप की बीमा योजनाओं में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के लाइफ इंश्योरेंस बिजनस को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के हवाले किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस काम के लिए एसबीआई लाइफ को चुना है। एसआईएलआईसी की करीब दो लाख पॉलिसीज की देनदारियों को एसबीआई लाइफ को तत्काल ट्रांसफर किया जाएगा। सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस को 2004 में लाइफ इंश्योरेंस बिजनस के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिया गया था। लेकिन कंपनी में फाइनेंशियल प्रोप्राइटी और गवर्नेंस से जुड़ी कई समस्याओं के बाद इंश्योरेंस रेगुलेटर ने कंपनी के बिजनस को मैनेज करने के लिए 2017 में एक एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया था। एसबीआई लाइफ देश की बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है।

इंश्योरेंस रेगुलेटर ने एक बयान में कहा कि एसआईएलआईसी को नियमों का पालन करने के लिए कई मौके और पर्याप्त समय दिया गया। लेकिन कंपनी इसमें नाकाम रही और उसने पॉलिसीहोल्डर्स के हितों को रक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया। साथ ही कंपनी के पॉलिसी डेटा से यह बात सामने आई है कि कंपनी का पोर्टफोलियो दुरुस्त नहीं है। उसकी फाइनेंशियल पोजीशन लगातार खराब हो रही है, उसका घाटा लगातार बढ़ रहा है और टोटल प्रीमियम में क्लेम का परसेंटेज ज्यादा है। अगर इस ट्रेंड को जारी रखा गया तो स्थिति बदतर हो जाएगी और कंपनी की कैपिटल पर असर होगा। ऐसे में कंपनी पॉलिसीहोल्डर्स की देनदारियों को चुकाने में नाकाम हो सकती है। ऐसे में पॉलिसीहोल्डर्स के हितों को खतरा हो सकता है।

इंश्योरेंस रेगुलेटर ने बताया कि उसकी आज हुई मीटिंग में यह फैसला किया गया कि एसआईएलआईसी के पॉलिसीहोल्डर्स के हितों को बचाने के लिए एक्शन लेना जरूरी है। इसलिए अथॉरिटी ने कंपनी के लाइफ इंश्योरेंस बिजनस को तत्काल प्रभाव से किसी दूसरी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को ट्रांसफर करने का फैसला किया है। रेगुलेटर ने कहा कि उसने कंपनी के सभी पॉलिसीहोल्डर्स के स्मूद ट्रांजिशन के लिए जरूरी कदम उठाए हैं। इस ऑर्डर को समय पर लागू करवाने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इसमें मेंबर (एक्चुअरी), मेंबर (लाइफ) और मेंबर (एफएंडआई) को शामिल किया गया है। एसबीआई लाइफ को एसआईएलआईसी के पॉलिसीहोल्डर्स तक पहुंचने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने को कहा गया है। इंश्योरेंस रेगुलेटर ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए रखेगा और एसआईएलआईसी के पॉलिसीहोल्डर्स के हित में सभी जरूरी दिशानिर्देश देता रहेगा।

# 12 रुपये तक कम होगें खाद्य तेल के दाम, सरकार ने कंपनियों को दिए कटौती के आदेश

नई दिल्ली, 02 जून (एजेन्सी)। वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट देखी गई है। वहीं अब केंद्र सरकार ने शुक्रवार को खाद्य तेल संघों को वैश्विक बाजार के अनुरूप प्रमुख खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को तत्काल प्रभाव से 8-12 रुपये प्रति लीटर कम करने का निर्देश दिया।



उद्योग प्रतिनिधियों के साथ खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद खाद्य मंत्रालय ने कहा कि जिन कंपनियां ने अपनी कीमतें कम नहीं की हैं और उनकी एमआरपी अन्य ब्रांडों की तुलना में अधिक है, उन्हें भी अपनी कीमतें कम करने की सलाह दी गई है। बयान के अनुसार विनिर्माताओं और रिफाइनरों द्वारा वितरकों को दी जाने वाली कीमत को भी तत्काल प्रभाव से कम करने की जरूरत है ताकि कटौती का असर साफ तौर पर दिखे।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्रमुख खाद्य तेल संगठनों को सलाह दी गई है कि वे इस मुद्दे को तुरंत अपने सदस्यों के सामने उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि प्रमुख खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को तत्काल प्रभाव से 8-12 रुपये प्रति लीटर कम किया जाए।

मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट जारी है और खाद्य तेल उद्योग द्वारा और कटौती की तैयारी की जा रही है। वैश्विक कीमतों में लगातार गिरावट के बीच खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में और कमी पर चर्चा के लिए एक महीने के भीतर बुलाई गई दूसरी बैठक में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में मंत्रालय ने कहा कि आयातित खाद्य तेलों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट जारी है और इसलिए खाद्य तेल उद्योग को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि घरेलू बाजार में कीमतों में भी उसी अनुपात में गिरावट आए। उद्योग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि वैश्विक बाजार में कीमतों में गिरावट को अंतिम उपभोक्ताओं तक तेजी से पहुंचाया जाए।

# एक महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई, 02 जून (एजेन्सी)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 मई को समाप्त सप्ताह में 4.34 अरब डॉलर घटकर 589.14 अरब डॉलर रह गया। यह इसका एक महीने का न्यूनतम स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट आई है। इससे पिछले सप्ताह, देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.05 अरब डॉलर घटकर 593.48 अरब डॉलर रह गया था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाओं के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये के बचाव के लिए मुद्रा भंडार के उपयोग से इसमें गिरावट आई।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 26 मई को समाप्त सप्ताह में, मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.01 अरब डॉलर घटकर 520.93 अरब डॉलर रह गया। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 22.5 करोड़ डॉलर घटकर 44.90 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार 8.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.19 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 5.11 अरब डॉलर रह गया।

इस बीच पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार गिरावट आई है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक देश का फॉरेक्स रिजर्व 26 मई को खत्म हफ्ते में 10.2 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.09 अरब डॉलर रह गया। बैंक का कहना है कि विदेशी कर्ज के भुगतान के कारए देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। 26 मई के आंकड़ों के मुताबिक देश के पास टोटल लिक्विड फॉरेन रिजर्व 9.513 अरब डॉलर है।

# दो दिन की गिरावट के बाद शुरुआती कारोबार में शेयर बाजारों में तेजी

मुंबई, 02 जून (एजेन्सी)। प्रमुख शेयर बाजारों में पिछले दो दिनों से जारी गिरावट शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में थम गई और सकारात्मक वैश्विक रुझानों के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त हुई।

मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित प्रमुख ऑटो कंपनियों की थोक बिक्री मई में मजबूत रही। इसके अलावा जीएसटी संग्रह लगातार तीसरे महीने 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इसमें मई में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इन कारणों से भी बाजार की धारणा सकारात्मक हुई।

शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 291.3 अंक चढ़कर 62,719.84 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 85.95 अंक बढ़कर 18,573.70 पर था।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, टेक महिंद्रा और टाइटन में उल्लेखनीय बढ़त हुई।

दूसरी ओर इंफोसिस, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी में गिरावट हुई। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इसबीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.70 फीसदी उछलकर 74.83 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 71.07 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## बिहार

# बीजेपी विरोधी एकता सफल नहीं होगी : सुशील मोदी



पटना, 02 जून (का.सं.)। 12 जून 2023 को पटना के बापू सभागार में विपक्षी दलों की बैठक होगी। कांग्रेस समेत देश के 18 बीजेपी विरोधी राजनीतिक दल इकट्ठा होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी नेताओं की स्वागत करेंगे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या राहुल गांधी भी इस बैठक में होंगे शामिल? क्योंकि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और बीजेपी से राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी का कहना है कि विपक्षी दलों की बैठक में राहुल गांधी के शामिल होने की आशा करना ही व्यर्थ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी ने 12 जून की विपक्षी एकता बैठक में शामिल होने से इनकार दिया है।

सुशील कुमार मोदी ने कहा कि यह नीतीश कुमार के महात्वाकांक्षी गुब्बारे में चुभी एक और पिन है।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि केसीआर ने विपक्ष शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में नीतीश कुमार को न्योता नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि इससे पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी नीतीश कुमार की भाजपा-विरोधी मुहिम से किनारा कर लिया था।

सुशील मोदी ने कहा कि राहुल गांधी के विदेश यात्रा पर रहने के कारण कांग्रेस की दूसरी-तीसरी कतार का कोई नेता ही पटना की विपक्षी जुटान में शामिल होगा। इसका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में केजरीवाल से कोई समझौता करने को राजी नहीं है। जस्टिस दीपक मिश्र के विरुद्ध महाभियोग और दिल्ली संबंधी अध्यादेश के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने केजरीवाल का साथ नहीं दिया। इनके बीच एकता कैसे संभव है?

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार क्या कांग्रेस को केरल और बंगाल में वहां के सत्तारूढ दलों ( माकपा और टीएमसी ) के लिए मैदान छोड़ने को राजी कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि केवल एक व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एक दल यानी बीजेपी को केंद्र की सत्ता से हटाने के नकारात्मक मुद्दे पर विपक्षी दलों को इकट्ठा करने की मंशा कभी सफल नहीं होगी।

# बिहार पुलिस का अनोखा कारनामा, मजदूरी के बदले में दी झोला भरकर शराब

हाजीपुर, 02 जून (का.सं.)। बिहार के वैशाली जिले में महागठबंधन में शामिल आरजेडी के विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे हुए हैं। सत्तारूढ़ दल के विधायक थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग कर रहे हैं। विधायक का नाम डॉ. मुकेश रोशन है। विधायक का आरोप है कि वैशाली पुलिस मनमानी कर रही है। डॉ. मुकेश रौशन की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है। जिसमें एक कैमरामैन के झोले से सैकड़ों शराब की बोतलें निकलती दिखाई दे रही हैं। विधायक का आरोप है कि पुलिस ने कैमरामैन को मजदूरी के बदले में शराब दी है।

वैशाली के सदर थाना में शराब को नष्ट करने का प्रोसेस चल रहा था। इसकी वीडियोग्राफी के लिए पुलिस ने कैमरामैन को बुलाया था। जब काम हो गया और कैमरामैन ने अपनी मजदूरी मांगी तो पुलिस वालों ने उसे पैसे के बदले बरामद शराब की बोतल थमा दी। जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। उस वीडियो को आरजेडी विधायक डॉ. मुकेश रोशन ने जारी किया है। उस वीडियो में कैमरामैन साफ बता रहा है कि उसे शराब थाने से मिली है। इससे पूर्व भी वैशाली पुलिस ने एक मजदूर को शराब की बोतल थमाई थी। उसी वीडियो को लेकर डॉ. मुकेश रोशन धरना दे रहे हैं और थानेदार को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं।

आरजेडी विधायक ने दावा किया है कि थानेदार का शराब माफिया से सांठगांठ है। ध्यान रहे कि विधायक की ओर से अपनी ही सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है।

विधायक ने मीडिया को बताया कि हाजीपुर सदर थाना प्रभारी अस्मित कुमार लगातार आम लोगों को परेशान करते हैं। उनसे से मोटी रकम लेकर एफआईआर दर्ज की जाती है। उसके अलावा दूसरे पक्ष से लाख-लाख रुपये लेकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। विधायक ने थानेदार के पास आय से अधिक संपत्ति होने की बात भी कही है। विधायक ने थानेदार की संपत्ति की जांच करने की मांग की है।

विधायक डॉ. मुकेश रोशन ने बिहार के मुख्यमंत्री, डेप्युटी सीएम और डीजीपी से मांग की है कि थानेदार की संपत्ति को गरीबों में बांट दिया जाए। विधायक का कहना है कि थानेदार का शराब माफिया से सांठगांठ है। उन्होंने कहा कि जिस कैमरामैन का वीडियो उपलब्ध करवाया गया है। वो कैमरामैन थाने में शराब के नष्ट होने की रिकॉर्डिंग करने आता है। उसे पैसे के बदले शराब दे दिया जाता है। पदाधिकारियों को मैंने सूचित करने का काम किया है। उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। मैंने कार्रवाई को लेकर अल्टीमेटम दिया था। कार्रवाई नहीं हुई तो हमने धरने पर बैठने का काम किया है।

# बीजेपी एमएलए राजू सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी, सरेंडर नहीं किया तो होगी कुर्की

मुजफ्फरपुर, 02 जून (नि.सं.)। भाजपा विधायक राजू सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। मुजफ्फरपुर के पारू थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद विधायक राजू सिंह फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस को कोर्ट से गैर जमानती वारंट मिल गया है। गैर जमानती वारंट एसीजेएम 2 सह विशेष एमपी एमएलए कोर्ट की तरफ से जारी किया गया है।अगर एक सप्ताह में उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है, तो पुलिस कोर्ट में कुर्की जब्ती की अर्जी भी देगी। फिलहाल विधायक राजू सिंह फरार चल रहे हैं।

एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि हमें विधायक डॉ. राजू सिंह समेत 6 लोगों के गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से गैर जमानती वारंट मिल गया है। अब उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अगर एक सप्ताह में उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है, तो कोर्ट में कुर्की के लिए आवेदन दिया जाएगा।

गुरुवार को कोर्ट ने राजू सिंह के खिलाफ कुर्की और वारंट की अर्जी को खारिज कर दी थी। कोर्ट से अर्जी खारिज होने के बाद पुलिस ने फिर से शुक्रवार को कोर्ट में भाजपा विधायक राजू सिंह की गिरफ्तारी के लिए वारंट की अर्जी लगाई थी। इसके बाद कोर्ट ने पुलिस की अर्जी को स्वीकार करते हुए अपहरण के आरोपी राजू सिंह समेत अन्य 6 के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

दरअसल बीते 26 मई को राजद नेता तुलसी राय ने भाजपा विधायक राजू सिंह समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद और एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ पारू थाना में एफआईआर दर्ज करवाया था। इसमें विधायक और उसके समर्थकों पर अपहरण कर पिटाई का आरोप लगाया था। यह पूरी घटना 25 मई को हुई थी। इसके बाद पुलिस ने भाजपा विधायक के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। 26 मई को राजू सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। विधायक के कोल्ड स्टोरेज से दो लग्जरी गाड़ी, एक रायफल और चार ज़िंदा कारतूस भी जब्त किया गया। इसके बाद आर्म्स एक्ट में पारू थाना में एक और प्राथमिकी (235/2023) दर्ज की गई। वहीं अपहरण मामले को लेकर पारू थाना में कांड संख्या 231/2023 दर्ज किया गया है।



राजद नेता तुलसी राय का आरोप है कि 25 मई को एक तिलक समारोह से लौटने के दौरान भाजपा विधायक राजू सिंह और राजद नेता तुलसी राय के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद राजू सिंह, तुलसी राय को लेकर अपने कोल्ड स्टोरेज पर चले गए। पुलिस की हस्तक्षेप के बाद तुलसी राय को कोल्ड स्टोरेज से सुरक्षित निकाला गया था। तुलसी राय ने 26 मई को पारू थाना में राजू सिंह समेत कई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

इस मामले को लेकर राजद नेता का पुलिस अभिरक्षा में मुजफ्फरपुर कोर्ट में शुक्रवार को बयान दर्ज कराया गया था। जिसके बाद 27 मई को बीजेपी विधायक के ठिकाने पर पुलिस की कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया। राजू सिंह अभी तक फरार चल रहे हैं।

# अमित शाह घबराहट में... इसलिए बार-बार आ रहे बिहार : तेजस्वी यादव



आरा, 02 जून (नि.सं.)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बीजेपी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह घबराहट में हैं, इसलिए बार-बार बिहार आ रहे हैं। हम लोग बीजेपी के ख़्रलान को समझ गए हैं कि वो क्या करना चाहती है। इसलिए पहले से ही सचेत हैं। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की पहल पर विपक्षी पार्टियां गोलबंद हो गई हैं।

तेजस्वी ने 12 जून को पटना के ज्ञान भवन में होने वाली विपक्षी एकता की बैठक पर कहा कि लालू जी और नीतीश जी का प्रयास रहेगा कि सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं को एकजुट करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें। ताकि 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सके।

तेजस्वी यादव ने यह बातें आरा में एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश में महिला पहलवानों के साथ बदसलूकी हुई, लेकिन कोई सुनवाई और कार्रवाई नहीं हो रही है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग देश को बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन बिहार में भाजपा को हम लोगों ने सबक सिखाने का काम किया है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि 9 साल पूरे होने के बाद जिस तरीके से भाजपा जन-महासंपर्क अभियान चला रही वो उनके हिसाब से अच्छा है। अभियान के तहत जनता के बीच भाजपा जाए, हिसाबकिताब दे। बताए कि 15 लाख रुपए क्यों नहीं दिए? इन 9 सालों में काला धन वापस क्यों नहीं आया? हर साल दो करोड़ नौजवानों को नौकरी क्यों नहीं मिली? जिनके पास नौकरी थी उनसे भी क्यों छीन ली गई?

उन्होंने कहा कि भाजपा यह भी बताएं कि देश की संपत्ति को क्यों बेचा जा रहा है। इन 9 सालों में केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों दिया। विशेष पैकेज क्यों नहीं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहीं आरा से बिहार की बोली लगाई थी..क्या हुआ उसका? इन सभी वादों का हिसाब बिहारवासियों को देना होगा। बिहार की जनता सब समझ रही है और चुनाव में इसका जवाब भी देगी।

# एडिडास ने पेश की भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नई जर्सी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी के प्रयोजक एडिडास ने अगले माह सात जून से होने वाले विशव टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम की नई जर्सी लांच कर दी है। आधिकारिक तौर पर ये जर्सी 7 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 में पहनी जाएगी। एडिडास द्वारा प्रायोजित की गई इस नई जर्सी को वानखेड़े स्टेडियम में लॉच किया गया। ड्रोन के जरिए विशाल जर्सियों को हवा में उड़ाकर पेश किया गया। इस जर्सी को कश्मीरी डिजाइनर आकिब वानी ने डिजाइन किया है।

इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 5 साल के लिए एडिडास के साथ एक करार किया था। यह साल 2028 तक चलेगा। यह करार पांच साल में लगभग 350 करोड़ रुपये का है। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम पुरुष, महिला और अंडर-19 पुरुष और महिला क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए जर्सी लॉच की गयी है।

एडिडास के मुख्य कार्यकारी ब्योर्न गुल्डेन ने भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सहयोग के बारे में उत्साह जताया। उन्होंने भारत में क्रिकेट के महत्व और खेल में निवेश करने की उनकी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, हमें बीसीसीआई और टीम इंडिया के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। साथ ही कहा कि क्रिकेट देश का सबसे अहम खेल है, और हमारे लिए यह जरुरी है कि हम इसमें प्रत्यक्ष उपस्थिति और निवेश करें। हमें बीसीसीआई से बेहतर साथी नहीं मिल सकता था। मेरा मानना है कि आने वाले दशकों में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला खेल बाजार होगा। हम अपनी टीम का समर्थन करने और भारत में शीर्ष स्पोर्ट्स ब्रांड बनने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

वहीं बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस यात्रा में दुनिया के अग्रणी स्पोर्ट्सवियर ब्रांड्स में से एक एडिडास के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं।



# भारत ने पाक को हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप जीता



**सलालाह (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीता है। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में पाक को 2-1 से हराया। भारत की ओर से अंगद बीर सिंह ने 13वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद अरिजीत सिंह ने 20वें मिनट में एक गोल कर इस बढ़त को 2-0कर दिया। वहीं पाक की ओर से अली बशारत ने 38वें मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम की बढ़त को कम कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम के सामने पाक की टीम की एक नहीं चली और वह अंत तक कोई गोल नहीं कर पायी। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार और जूनियर हॉकी पुरुष एशिया कप जीता है। इससे पहले 2015 में भी भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को यह खिताब जीता था।

इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। आक्रामक खेल की बदौलत भारतीय टीम को शुरुआत में दो अवसर मिले पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी। चिरमाको का एक शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया जिससे भारतीय टीम ने एक अवसर गंवा दिया। वहीं पहले क्वार्टर में पिछड़ने के बाद पाक ने बराबरी का प्रयास किया पर भारतीय खिलाड़ियों ने उसे विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही अरिजीत ने एक गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को बढ़ा दिया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर कोई भी गोल नहीं कर पायी। तीसरे क्वार्टर में पाक की ओर से बशारत ने शाहिद अब्दुल के पास पर एक गोल दाग दिया। बशारत ने को गोलपोस्ट में धकेलकर स्कोर 1-2 कर दिया। इसके बाद पाक डिफेंडरों ने गोल नहीं होने दिया। पाक टीम ने अंतिम क्वार्टर में गोल के प्रयास किये पर वह नाकाम रही। पाक टीम को इसके बाद दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पर वह उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। इसके अलावा भारतीय टीम को भी एक अवसर मिला पर वह भी गोल नहीं कर पायी।

# डब्ल्यूटीसी में ईशान नहीं भरत को मिलेगी विकेटकीपर के तौर पर जगह : सबा करीम

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर सबा करीम ने कहा है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ईशान किशन नहीं के एस भरत को विकेटकीपर के तौर पर अवसर मिलेगा। सबा का मानना है कि ईशान किशन को अभी टेस्ट में विकेटकीपिंग के लिए इंतजार करना होगा हालांकि कई दिग्गजों का मानना है कि ईशान इस मैच में अंतर पैदा कर सकते हैं।

वहीं सबा के अनुसार भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भरत के साथ उतर सकती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस स्तर पर वे ईशान को उतारना चाहेंगे। मुझे लगता है कि वे भरत के साथ ही बने रहेंगे, क्योंकि उन्होंने घरेलू श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विकेट कीपिंग की है। जिस तरह की सुरक्षा राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा खिलाड़ियों को देना चाहते हैं, मुझे लगता है कि वे भरत को ही शामिल करेंगे।

करीम ने कहा, अगर घरेलू श्रृंखला में ईशान ने खेला होता, तो मुझे लगता है कि उनके पास मौका हो सकता था पर न्होंने ऐसा नहीं किया है।



इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे इस तरह के एक अहम मैच में खेलेंगे।

उन्होंने आगे कहा, भारत के लिए अहम मैच जीतने के लिए सब कुछ संतुलित होना चाहिए हालांकि, करीम को लगता है कि इस टीम का हिस्सा बनना ईशान के लिए सीखने का एक बड़ा अवसर होगा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि यह उनके लिए सीखने का एक शानदार अनुभव होगा। उसे अपने साथियों और विरोधियों को देखने और बातचीत से जितना हो सके हासिल करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट एक अलग गेंद का खेल है और अगर आप अंतिम ग्यारह का हिस्सा नहीं हैं तो भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उसका भी समय आएगा और हालांकि अब तक उसे मुख्य रूप से एक सफेद गेंद वाले क्रिकेटर के रूप में देखा जाता है।

# एशिया कप के लिए बीसीसीआई ने घोषित की टीम, महिला एशिया कप में खेलेंगी ये खिलाड़ी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम को एशिया कप में जून के महीने में हिस्सा लेना है। इस एशिया कप का आयोजन इस बार हांगकांग में किया जाना है। इस एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 14 सदस्यीय टीम का चयन कर ऐलान कर दिया है। भारत का पहला मुकाबला हांगकांग से होना है।

इस बार बीसीसीआई ने बल्लेबाजी हरफनमौला श्वेता सहरावत हांगकांग में 12 जून से होने वाले एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप में 14 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। भारत ए टीम 13 जून को पहला मैच हांगकांग से खेलेगी। वहीं एक और अहम मुकाबला भारतीय टीम का पाकिस्तान से होना है। ये मुकाबला 17 जून को होगा, जिसपर सभी की नजरें टिकी होंगी।

इस संबंध में बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा ,'' अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप के लिये भारत ए टीम का चयन किया है।'' टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो समूहों में बांटा जायेगा। भारत समूह ए में हांगकांग, थाईलैंड ए, पाकिस्तान ए के साथ है जबकि बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए , मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात ग्रुप बी में हैं। इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 जून को खेला जायेगा।

### इन खिलाड़ियों को मिली टीम में जगह

**भारत ए (इमर्जिंग टीम) :** श्वेता सहरावत (कप्तान), सौम्या तिवारी, तृषा गोंगाडी, मुस्कान मलिक, श्रेयांका पाटिल, कनिका आहूजा, उमा छेत्री, ममता मडीवाला, टिटास संधू, यशश्री एस, काशवी गौतम, पार्श्वी चोपड़ा, मन्नत कश्यप, बी अनुषा।

**मुख्य कोच :** नूशिन अल खादीर भारत ए का कार्यक्रमः 12 जून बनाम हांगकांग 15 जून बनाम थाईलैंड ए 17 जून बनाम पाकिस्तान ए। बता दें कि भारतीय टीम में उन खिलाड़ियों को जगह मिली है जिन्होंने आईसीसी अंडर 19 वूमेंस टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती थी। इस टीम की कप्तान शेफाली वर्मा थी, जबकि श्वेता सहरावत ने सात मुकाबलों में 99 की औसत से 297 रन यानी सबसे अधिक रन बनाए थे।

# हूपर बने वेस्टइंडीज टीम के नये सहायक कोच



नई दिल्ली ।पूर्व कप्तान कार्ल हूपर को वेस्टइंडीज टीम का नया सहायक कोच बनाया गया है। हूपर को यूएई एकदिवसीय सीरीज और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से पहले ये जिम्मेदारी दी गयी है। वेस्टइंडीज और यूएई के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 4 जून से शुरू होगी। इसके बाद टीम भारत में होने वाले आईसीसी क्वालीफायर मुकाबले खेलेगी। इसके लिए वेस्टइंडीज को ग्रुप ए में रखा गया है और वे 18 जून को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। हूपर ने पहले भी अलग-अलग स्तर पर कोच और संरक्षक की भूमिका निभाई हैं। सहायक कोच के रूप में वह इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में भी थे। उन्होंने कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी एंटीगुआ हॉक्सबिल्स और गुयाना अमेजॅन वारियर्स क ओर से कोच की भूमिका निभाई हैं। वह बारबाडोस में वेस्टइंडीज के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में भी एक संरक्षक की भूमिका भी शामिल रहे थे। वेस्टइंडीज टीम अब उनके अनुभवों का लाभ उठाते हुए जीत हासिल करना चाहेगी। हूपर ने कहा, जब शुरुआत में डैरन ने सहायक कोच की भूमिका के लिए मुझसे संपर्क किया तो मैंने तुरंत अपनी रुचि दिखाई क्योंकि मैं वास्तव में चुनौती में मदद करना चाहता हूं और सार्थक प्रभाव डालना चाहता हूं। मेरा दृढ विश्वास है कि यह वेस्टइंडीज क्रिकेट के आगे बढ़ने का समय है और मुझे इस प्रयास में सहायक बनते हुए अपनी अनुभवी का इस्तेमाल करना चाहिये। वेस्टइंडीज के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर फ्लॉयड रीफर और न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फैंकलिन भी टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर रहेंगे।

# आईपीएल में स्ट्राइक रेट के मामले में सबसे आगे रहे राशिद



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियनप्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में कई क्रिकेटरों ने छोटी पर मैच विजेता पारियां खेलकर अपनी टीम को सफलत दिलायी है। टी-20 क्रिकेट में तेजी से रन बनाना अधिक अहम होता है बजाये इसके कि अधिक गेंद पर लंबी पारी खेली जाये। खेल के इस सबसे छोटे प्रारुप में कम गेंदों में ज्यादा रनों का महत्व होता है। आईपीएल में सबसे ज्यादा प्रभावशाली पारियां खेलने वाले खिलाड़ियों में ग्लेन मैक्सवेल, राशिद खान, सूर्यकुमार यादव सहित अन्य खिलाड़ी भी शामिली हैं।

**राशिद खान :** गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनरी राशिद खान ने एक मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 79 रन बनाये थे। राशिद ने इस सीजन के कुल 17 मैच में सिर्फ नौ बार ही बल्लेबाजी की। जिसमें 216.66 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाए। इस लिस्ट में वह टॉप पर हैं।

**ग्लेन मैक्सवेल :** इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने इस लीग गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। इस बल्लेबाज ने मैदान का ऐसा कोई कोना नहीं छोड़ा, जहां छक्के-चौके नहीं पहुंचाए। 14 मैच में 400 रन के साथ आरसीबी के इस वीर का स्ट्राइक रेट 183.48 रहा।

**महेन्द्र सिंह धोनी :** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भले ही इस सीजन 16 मैच खेले, लेकिन बल्लेबाजी केवल 12 बार ही की, जिसमें आठ बार तो नॉट आउट ही रहे। ऐसे में 100 रन बनाने के बावजूद उनका स्ट्राइक रेट 182.45 पर पहुंच गया और टॉप-शीर्ष में शामिल हो गए।

**सूर्यकुमार यादव :** मुंबई इंडियंस के मध्य क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 16 मैच में एक शतक, पांच अर्धशतक के साथ 605 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 182.13 रहा।

# इलावेनिल, प्रवीण के निशानेबाजी उपकरणों को ठीक करायेगा खेल मंत्रालय

नई दिल्ली ।ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव के निशानेबाजी से जुड़े उपकरणों की मरम्मत के साथ ही नवीनीकरण होगा। इस काम की जिम्मेदारी खेल मंत्रालय संभालेगा। इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम करायेगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणों का दूसरा सेट खरीदेंगे। इसका कारण है कि टूर्नामेंट के दौरान उपकरणों में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिये समय नहीं रहता। वहीं मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को नाइजीरिया में इस महीने होने वाले डब्ल्यूटीटी टूर्नामेंट में भागीदारी के लिये आर्थिक सहायता भी दी है। वही टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई टिकट, खाने, रहने, स्थानीय यातायात, वीसा और बीमे की फीस का भी पूरा खर्च उठाया जाएगा।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में कमेंट्री करेंगे शास्त्री, गावस्कर और हेडन

मुम्बई ।इंग्लैंड के ओवल मैदान में सात जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम के पूर्व कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री के अलावा पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन भी कमेंट्री करते दिखेंगे।इसके अलावा आईपीएल में विफल रहे विकेटीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इस कमेंट्री टीम में शामिल रहेंगे।शास्त्री और कार्तिक अपनी कॉमेंट्री शैली के कारण खासे लोकप्रिय भी हैं।इनके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और श्रीलंका के कुमार संगाकारा भी कमेंट्री करते दिखेंगे।ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही टीमें इंग्लैंड पहुंच गयी हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों में लगी हैं। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपनी धरती पर 2-1 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।वही ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इंग्लैंड के हालातों में जीत के इरादे से उतरेगी।भारतीय टीम के कई अहम खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हैं।इसमें जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसें खिलाड़ी हैं।

# ब्रॉड की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने आयरलैंड को 172 पर समेटा

### -एक विकेट पर ही 152 रन बनाकर मेजबान टीम ने शिकंजा कसा

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 152 रन बनाये हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय बेन डकेट 60 और ओली पोप 29 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले मेजबान टीम ने स्टुअर्ट ब्रॉड और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड को पहली पारी में 172 रन पर ही समेट दिया। इंग्लैंड की ओर से ब्रॉड ने 51 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं जैक लीच ने तीन जबकि मैथ्यू पॉट्स ने दो विकेट लिए।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। ब्रॉड ने पीटर मूर को शुरुआत में ही 10 रनों पर पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद बालबर्नी और हैरी टेक्टर भी आउट हो गये। ऐसे समय में पॉल स्टर्लिंग ने सलामी बल्लेबाज जेम्स मैकोलम के साथ मिलकर आयरिश पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 45 रन की साझेदारी बनायी। लीच ने स्टर्लिंग को 30 रनों के निजी स्कोर पर आउट कर आयरलैंड को मुश्किल में डाल दिया। मैकोलम भी 36 रन आउट हुए। कर्टिस कैंफर ने अंत में 33 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन ने 19 और मार्क एडेयर ने 14 रन बनाये। इसके बाद भी आयरलैंड 172 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए जैक क्रॉली और बेन डकेट ने तेजी से बल्लेबाजी शुरु की। इस जोड़ी ने 16.3 ओवर में 109 रन बनाये। क्रॉली ने 56 रन बनाए जबकि डकेट ने नाबा 60 रन बनाये । ओली पोप 29 रन बनाकर डकेट के साथ क्रीज पर मौजूद हैं।



# सचिन ने खरीदी लेम्बोर्गिनी उरस एस



मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर कारों के शौकीन हैं और उनके पास बीएमडब्ल्यू और मर्सीडीज सहित एक से बढ़कर एक लक्जरी कारें हैं।वहीं अब उनके कार कलेक्शन में एक और सुपर एसयूवी शामिल हो गई है।सचिन ने लेम्बोर्गिनी की हाल ही में पेश की गई उरुस एस खरीदी है।उरूस एस वेरिएंट को हाल ही में भारतीय बाजार में 4.18 करोड़ रुपए की कीमत के साथ उतरा गया था।अब एक वीडियो में उन्हें अपनी नई शानदार सुपर एसयूवी में देखा गया था।उरुस एस एयर सस्पेंशन सिस्टम के साथ आती है, जो बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।इसके अलावा उरुस एस में तीन ऑफ-रोड मोड, सब्बिया (सैंड), नेवे (स्नो) और टेरा (मड) भी हैं, जो विभिन्न सतहों में एक आसान राइड पेश करती है।सचिन भारत में बीएमडब्ल्यू के ब्रांड एंबेसडर हैं और उनके के पास बीएमडब्ल्यू की कई कारें हैं।हालांकि, यह उनकी अब तक की पहली लेम्बोर्गिनी खरीद है।हाई-एंड बीएमडब्ल्यू मॉडल के अलावा सचिन के पास पोर्श 911 टर्बो एस भी है।सचिन के सात बार के एफ वन विश्व चैंपियन माइकल शूमाकर के साथ करीबी संबंध हैं।शूमाकर ने उन्हें फेरारी 360 मोडेना उपहार में दी थी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने ऑस्ट्रेलिया को पुजारा और विराट पर अंकुश लगाना होगा: पोंटिंग

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनकी टीम को भारत के खिलाफ सात जून से शुरु हो रहे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए केवल दो खिलाड़ियों विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा पर अंकुश लगाना होगा। पोंटिंग के अनुसार पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण भारतीय टीम को हालात समझने में सहायता दे सकते हैं। वहीं आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद से ही विराट का मनोबल बढ़ा हुआ है।

पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट और पुजारा को जल्द आउट करने पर बात करेंगी। पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की चुनौतियों को डटकर सामना करने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना में उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए हैं और उनका प्रदर्शन भारत के लिए अहम रहेगा।

पोंटिंग ने कहा, पुजारा ने इससे पहले भी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को काफी परेशान किया था और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। इसलिए वे जानते हैं कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट में पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए हैं और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहेंगे कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में अहम भूमिका निभाएं।

कोहली ने आईपीएल से पहले बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 186 रन की पारी खेली थी और अब वह इसी लय को बनाये रखने उतरेंगे। पोंटिंग ने कहा, वे यह भी जानते हैं कि पिछले कुछ सप्ताहों में विराट अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है। उसने मुझे बताया कि वह महसूस कर रहा है कि वह अपनी लगभग सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है और यह ऑस्ट्रेलिया के लिए सतर्क होने का समय है। उन्होंने साथ ही कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।



# प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत है छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन : पीएम मोदी



नई दिल्ली, 02 जून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को प्रेरणा व ऊर्जा का स्रोत करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके कार्य, शासन प्रणाली और नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं।

शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व अद्भुत था। उन्होंने स्वराज की भी स्थापना की और सुराज को भी कायम किया। वह अपने शौर्य के लिए भी जाने जाते हैं और अपने सुशासन के लिए भी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक दृष्टिकोण भी सामने रखा। उन्होंने शासन का लोक कल्याणकारी चरित्र लोगों के सामने रखा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आया है।

उन्होंने कहा, शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक उस कालखंड का एक अद्भुत और विशिष्ट अध्याय है। राष्ट्र कल्याण और लोक कल्याण उनकी शासन व्यवस्था के मूल तत्व रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उनके कार्य, शासन प्रणाली और नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और उन्होंने भारत के सामर्थ्य को पहचान कर जिस तरह से नौसेना का विस्तार किया, वह आज भी हमें प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा, यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर पिछले साल भारत ने गुलामी के एक निशान से नौसेना को मुक्ति दे दी। अंग्रेजी शासन की पहचान को हटा कर शिवाजी महाराज की राज-मुद्रा को जगह दी गई है।

मोदी ने कहा कि उन्होंने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा और आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दृष्टि में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा, सैंकड़ों वर्षों की गुलामी ने देशवासियों से उनका आत्मविश्वास छीन लिया था, ऐसे समय में लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। उस दौर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने न केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जन मानस में यह विश्वास भी कायम किया कि स्वयं का राज संभव है।

छत्रपति शिवाजी महाराज ने कई वर्षों तक मुगल बादशाह औरंगजेब से संघर्ष किया। मुगल सेना को धूल चटाते हुए सन 1674 में पश्चिम भारत में उन्होंने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, मराठा योद्धा शिवाजी महाराज का रायगढ़ किले में छह जून, 1674 को राज्याभिषेक हुआ था, जहां उन्होंने हिंदवी स्वराज की नींव रखी थी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस साल राज्याभिषेक की वर्षगांठ दो जून को है।

छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में शुक्रवार को भव्य आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाग लिया।

# तेलंगाना में बढ़ी प्रति व्यक्ति आय : सीएम केसीआर

हैदराबाद, 02 जून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय 1.24 लाख रुपये से बढ़कर 3.17 लाख रुपये हो गई।

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना में पिछले नौ साल में प्रति व्यक्ति आय 1.24 लाख रुपए से बढ़कर 3.17 लाख रुपए और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) करीब पांच लाख करोड़ रुपए से बढ़कर करीब 13 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

राव ने सचिवालय में राष्ट्रध्वज फहराने से बाद दो जून, 2014 को राज्य की स्थापना के बाद से हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता नौ साल पहले के 7,778 मेगावाट से बढ़कर 18,453 मेगावाट हो गई है।

राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है।

उन्होंने कहा, 2014 में तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय केवल 1,24,104 रुपए थी। तेलंगाना सरकार द्वारा हासिल की गई प्रगति के कारण आज हमारे राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 3,17,115 रुपये हो गई है। महज 10 साल पुराना तेलंगाना प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश के बड़े राज्यों से बेहतर है।

केसीआर ने कहा, 2014 में, राज्य का जीएसडीपी मूल्य केवल 5,05,849 करोड़ रुपये था, लेकिन आज राज्य का जीएसडीपी बढ़कर 12,93,469 करोड़ रुपये हो गया है और राज्य के सभी क्षेत्रों को वित्तीय सहायता दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि 2016 में कोविड-19 और नोटबंदी जैसे संकटों के बावजूद राज्य ने जीएसडीपी में 115 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है।



केसीआर ने पृथक राज्य की मांग को लेकर हुए आंदोलन में जान गंवाने वाले लोगों की याद में शहर में बने तेलंगाना शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राव ने कहा कि तेलंगाना एकमात्र ऐसा राज्य है जहां 100 प्रतिशत घरों में नलों के जरिए शुद्ध ताजे पानी की आपूर्ति की जाती है।

उन्होंने चहुंमुखी विकास का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार 24 जून से जनजातीय समुदाय के 1.5 लाख लोगों को चार लाख एकड़ पोडू भूखंडों के स्वामित्व का वितरण करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण में 1.50 लाख परिवारों को दलित बंधु योजना का लाभ दिया जाएगा, जिसके तहत लाभार्थी को पसंद का व्यवसाय स्थापित करने के उद्देश्य से एक दलित परिवार को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे।

तेलंगाना सरकार ने आज से 21 दिनों तक 10वें स्थापना दिवस को भव्य पैमाने पर मनाने का फैसला किया है।

# शहरी क्षेत्र में भी लागू होगी मातृभूमि योजना : सीएम योगी

लखनऊ, 02 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृभूमि योजना से सबको जुड़ना का सौभाग्य मिलना चाहिए। हमारी सरकार ने अभी इस योजना को ग्रामीण क्षेत्र में लागू किया है। मातृभूमि योजना को हम शहरी क्षेत्र में भी लागू करेंगे।



सीएम योगी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत 370 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को पुरस्कार वितरण, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत 3,145 ग्राम पंचायतों सचिवों को लैपटॉप वितरण एवं उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना का शुभारम्भ किया। कहा कि प्रभु श्री राम ने लक्ष्मण जी से कहा था अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। उन्होंने कहा कि मां और जन्मभूमि स्वर्ग से बढ़कर होती है। इनकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। इसलिए मातृभूमि योजना से सबको जुड़ने का सौभाग्य मिलना चाहिए। हमारी सरकार ने अभी इस योजना को ग्रामीण क्षेत्र में लागू किया है। मातृभूमि योजना को हम शहरी क्षेत्र में भी लागू करेंगे। इसमें दो तरह के कार्य होंगे एक तो व्यक्ति अपनी जड़ों के साथ जुड़ेगा, दूसरा अपनी मातृभूमि के लिए कुछ कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग एक ऐसा मैकेनिज्म विकसित करे जिसके माध्यम से पैसा देने वाले व्यक्ति को उसकी एक-एक पाई का हिसाब दिया जा सके। योजना में सरकार की तरफ से 60 फीसदी पैसा अपनी मातृभूमि के लिए कुछ करने की सोच रखने वाला व्यक्ति देगा और 40 फीसदी पैसा एवं जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।

सीएम योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है इसलिए उसके मन में अपनी मातृभूमि के मन में आदर का भाव रहता है। हर व्यक्ति का अपनी मातृभूमि के प्रति लगाव होता है। आवश्यकता है उसे जोड़ने की है। उसके मन में विश्वास पैदा करने की है। पहले लोगों को पता था कि प्रदेश सरकार के बजट में बंदरबांट हो रहा है। हम पैसा भेजेंगे तो उसमें भी बंदरबांट हो जाएगा।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 10 नगर निगम स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे हैं। वहीं सात नगर निगमों को हमारी सरकार राज्य स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट नगर निगम के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम पंचायतों को विकास की धुरी बताया है। इनके विकास के लिए केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें पैसा दे रही हैं। हमें विकास के कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना है। इससे लोग आपके कार्यकाल को स्मरणीय मानेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि ग्राम सचिवालय, ऑप्टिकल फाइबर, जल निकासी की व्यवस्था, एलईडी स्ट्रीट लाइट, अच्छी सड़कें, कंप्यूटर ऑपरेटर, बीसी सखी जैसी कई योजनाओं के माध्यम से हमारी सरकार प्रदेश के ग्राम पंचायतों को स्मार्ट बना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव स्मार्ट बनेंगे तो वह आत्मनिर्भरता की तरफ भी आगे बढ़ सकेंगे। हमें अपने ग्राम पंचायतों को इस स्तर से विकसित करना है कि उन्हें किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।

कहा कि अपनी ग्राम पंचायत को स्मार्ट और आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में हमें कार्य करना है। पहले गांव-गांव में प्रतिस्पर्धा हो। उसके बाद गांवों और शहरों के बीच हम स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा कराएंगे। अब ज्यादातर गांव में पक्की नाली और अच्छी सड़कें बन चुकी हैं। इस बात का ध्यान रखिए किसी भी गांव की नाली के कूड़ा न रहे। 15 जून के बाद बरसात आ जाएगी, इस बात का ध्यान रखिए कि नालियों में जल जमाव न होने पाए।

सीएम योगी ने कहा कि ग्राम सचिवों को लैपटॉप वितरित किया जा रहा है। इससे हमारी पंचायतें डिजिटल हो जाएंगी। इससे पंचायत सचिव मैनुअल नहीं बल्कि लैपटॉप के माध्यम से वह अपना कार्य संपन्न कर सकेंगे। ग्राम पंचायत के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे प्रधानमंत्री मोदी के ई गवर्नेंस के कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकेंगे। टेक्नोलॉजी भ्रष्टाचार पर सबसे बड़ा प्रहार है लेकिन इसका उपयोग हो दुरुपयोग न होने पाए।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने मातृभूमि योजना से जुड़ने वाले प्रवासी भारतीयों से संवाद भी किया। इस दौरान 21 वर्ष से कैलिफोर्निया, यूएसए में रहने वाले संजीव रौजारा से बातचीत की। संजीव ने कहा कि वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं। उन्होंने सीएम योगी से कहा कि विदेशों रह रहे लोगों में आपको लेकर बहुत भरोसा है। उन्हें विश्वास है कि आपकी सरकार के साथ सहयोग करेंगे तो उनका पैसा सही जगह लगेगा और हमारे गांवों का विकास होगा। संजीव ने सीएम योगी से इस योजना से जुड़ने की इच्छा जताई।

23 वर्ष से कैलिफोर्निया में रह रहे विवेक चौधरी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी को बताया की वह मोदीनगर के रहने वाले हैं। विवेक ने कहा कि सरकार की इस योजना से जुड़ने के लिए वो काफी उत्साहित हैं। विवेक ने कहा कि हम प्रवासियों के लिए यह एक अच्छा अवसर है जिसके माध्यम से हम अपनी मातृभूमि के लिए कुछ कर पाएंगे। उन्होंने हेल्थ एटीएम, शिक्षा आदि में निवेश की इच्छा जताई।

# सोरेंग में नये जल शक्ति केंद्र का उद्घाटन



अनुगामिनी नि.सं.

सोरेंग, 02 जून। जल शक्ति अभियान के तहत 'कैच द रेन' थीम पर सोरेंग में नये जल शक्ति केंद्र का आज जिला शासक भीम टटाल ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर एडीएम धीरज सुबेदी, एडीसी विकास गायस पेगा, संयुक्त शिक्षा निदेशक एसपी शर्मा, संयुक्त कृषि निदेशक प्रणय गुरुंग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर डीसी भीम टटाल ने सिक्किम में मंगन को छोड़कर शेष पांच जिलों को जल-तनावग्रस्त क्षेत्र माने जाने की जानकारी देते हुए बताया कि सोरेंग जिले की जिम्मेदारी आईटीएसएस के आईसी उप-सचिव बेंजामिन करूणाकरण को सौंपी गई है। वहीं उन्होंने जल संसाधन खरखाव को प्रमुख फोकस क्षेत्र बताते हुए उसके महत्व पर जोर दिया और कहा है कि पानी के लिए काम करने वाले सभी अधिकारियों, स्वयंसेवकों और सहायक कर्मचारियों को 'जल रक्षक' कहा जाएगा।

इस दौरान, एडीसी विकास श्री गयास पेगा ने जल शक्ति केंद्र के दिशानिर्देशों का अवलोकन प्रदान करते हुए जिले की सभी 36 ग्राम पंचायत इकाइयों में ग्राम जल स्वच्छता समितियों के गठन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जल शक्ति केंद्र का उद्देश्य तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना और जल संरक्षण तकनीकों से संबंधित सूचना के प्रसार केंद्र के रूप में कार्य करना है। वहीं उन्होंने निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्र के पूरी तरह कार्यात्मक होने की जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि सोरेंग जिला जल शक्ति केंद्र का उद्देश्य जल संरक्षण तकनीकों से संबंधित जानकारी के प्रसार हेतु ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करना है। केंद्र की अपनी एक वेबसाइट भी है और इसके मानव संसाधन में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी सोनम छिरिंग भूटिया, सुरेन कुमार थापा, श्रीमती एनी जोगी और डाटा एंट्री ऑपरेटर रूएल सुब्बा शामिल हैं।

# केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल लेगा 'कैच द रेन' अभियान का जायजा

अनुगामिनी नि.सं.

नामची, 02 जून। केंद्र सरकार के 'जल शक्ति अभियान-कैच द रेन' को लेकर सिक्किम पहुंचे दो सदस्यीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने आज अपना नामची जिले का तीन दिवसीय मानसून पूर्व दौरा पूरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय गृह मामलों के निदेशक सह नामची जिला केंद्रीय नोडल अधिकारी मोनालिसा दास और केंद्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिक भूषण साहो की टीम ने जिले में विभिन्न स्थानों पर स्थित जल शक्ति अभियान का दौरा किया।

केंद्रीय दल के इस दौरे को लेकर आज नामची जिला प्रशासनिक केंद्र में डीब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इनमें नामची एडीसी अनंत जैन, एडीसी विकास डॉ. सीपी राई, रावांग्ला एडीसी विकास सुनील मोथे के अलावा बीडीओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय नोडल अधिकारी ने उपस्थित लोगों को वर्षा जल पर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने हेतु आपसी समन्वय और सतत प्राप्य समाधान तलाशने का निर्देश दिया। इसके अलावा, अधिकारियों से जेएसए से संबंधित त्रैमासिक बैठकें आयोजित करने और जल संरक्षण पर विकास का आकलन करने हेतु एक समिति बनाने का भी आग्रह किया गया। साथ ही उन्होंने इसमें जनता की भागीदारी को भी रेखांकित किया।

इस दौरान प्रतिभागियों को वर्षा जल भराव, टंकियों के नवीनीकरण, छत पर वर्षा जल संचयन, धारा विकास कार्यक्रम जैसी विभिन्न जल संरक्षण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

# कोई भी इतना अक्षम न हो कि परिजन की लाश साईकिल या कंधे पर ले जाना पड़े : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, 02 जून (एजेंसी)। दिल्ली में आयोजित एक इकोनामिक कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब मैं 2047 के भारत की कल्पना करता हूं, तो उसमें मैं ऐसी किसी भी स्थिति के तीन स्वरूप देखता हूं-पहला कि, मेरे भारत में कोई भी इतना अक्षम न हो, कि अपने किसी परिजन के मरने पर उसे लाश को साईकिल पर या कंधे पर ढोकर ले जाना पड़े।

दिल्ली में आयोजित एक इकोनामिक कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब मैं 2047 के भारत की कल्पना करता हूं, तो उसमें मैं ऐसी किसी भी स्थिति के तीन स्वरूप देखता हूं-पहला कि, मेरे भारत में कोई भी इतना अक्षम न हो, कि अपने किसी परिजन के मरने पर उसे लाश को साईकिल पर या कंधे पर ढोकर ले जाना पड़े।

दूसरा यह कि, यदि दुर्भाग्य से कोई इतना सक्षम न हो तो सरकारी व्यवस्था इतनी मजबूत और संवेदनशील हो कि उस व्यक्ति के स्थान पर व्यवस्था यह कार्य करे। तीसरा यह, कि कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों में जहां सरकारी तंत्र नहीं पहुंच पाता, तो वहां समाज में इतना भाईचारा हो कि अगर किसी व्यक्ति पर ऐसी आपदा आ जाए, तो समाज का जो भी पहला व्यक्ति उसे देखे, वह अपने बाकी काम छोड़कर उस व्यक्ति की सहायता करे।

राजनाथ सिंह शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित इकोनामिक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसी इकोनामिक ग्रोथ चाहिए, जिसमें हमारे पास एक एफिशिएंट मार्केट इकोनामी हो, जिसमें लोगों के पास इकोनामिक फ्रीडम हो, कोई भी व्यवसाय शुरू करने का फ्रीडम हो, कोई भी नौकरी करने की स्वतंत्रता, ताकि वो बड़े सपने देख सकें, नए विचार सोच सकें।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपनी बेटियों को पर्दा से निकालकर प्रतिस्पर्धा में लाना होगा। 'मैं फिर से कहता हूं कि आप लोगों को गुलामी के प्रतीक पर्दा की नहीं, बल्कि बराबरी के प्रतीक प्रतिस्पर्धा की कामना करता हूं, तभी महिलाएं स्वयं का भी विकास कर पाएंगी और राष्ट्र निर्माण में भी अपनी भूमिका निभा पाएंगी।'

रक्षा मंत्री ने कहा कि आपने सुना होगा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। इस जनसंख्या से हमें लाभ तो होगा, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है कि हमें इस विशाल जनसंख्या को एक उच्च स्तरीय जीवन देने के लिए अपने आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की क्षमता को और बढ़ाना होगा।

उन्होंने बताया कि 2014 में अनेक बैंक एनपीए के बोझ तले दबे हुए थे। हमने बैंकों की परफारमेंस को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई कदम उठाए। बैंकों को मर्ज करके या फिर उनका निजीकरण करके हमने उनका रिवाइवल भी किया। उन प्रयासों का ही नतीजा है कि आज हमारे बैंकों का कुल एनपीए निचले स्तर पर है। हमारी सरकार ने 2 हजार से अधिक पुराने कानूनों को समाप्त करने का काम किया। इसके माध्यम से हम लाल फीताशाही को कम करते हुए इंस्पेक्टर राज के खात्मे की ओर बढ़ रहे हैं।

रक्षा मंत्री के मुताबिक भारत की इकोनामी तेजी से आगे बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने 2013 में, फ्राजाइल 5 इकोनामी की बात कही थी, आज 10 साल बाद वही मॉर्गन स्टेनली अपनी रिपोर्ट में यह कहता है कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि बात चाहे डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म की हो या फिर जीएसटी की, हमने देश की इकोनामिक ग्रोथ के लिए एक टैक्सपेयर फ्रेंडली राज लाने का पूरा प्रयास किया है। यह पुनर्जागरण का दौर है, यह एक ग्लोबल सुपर पावर के रूप में भारत की पुनस्थापना का समय है। अंधेरा छट चुका है, और नए भारत का नया सूर्योदय हो रहा है। इसलिए मैं इमर्जिंग सुपर पावर से इत्तेफाक नहीं रखता, बल्कि मैं भारत को एक रिसरजेंट सुपर पावर के रूप में देखता हूं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारा देश इतना सुंदर हो, हमारे यहां के पार्क, मैदान, सड़कें, पहाड़ इतने सुंदर और साफ हों, कि अगर कोई भारतीय दूसरे देश में जाए, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या जापान जाए, और वहां एडवांस रेलवे स्टेशन देखे या फ्लाईओवर का जाल देखे, पार्क, मैदान, सड़क, पहाड़ देखे, तो कहे कि ये तो दिल्ली, लखनऊ, बेंगलूरू और हैदराबाद जैसा है। हम देश के लगभग सभी सेक्टर्स पर फोकस करते हुए, 2047 तक विकसित भारत की इमारत खड़ी करने का कार्य कर रहे हैं।





डियर साप्ताहिक लॉटरी
बीरभूम निवासी ने
₹1 करोड़ जीते



विजेता टिकट का नंबर 78A 22243 है। उन्होंने कोलकाता स्थित नागालैंड स्टेट लॉटरीज के नोडल अधिकारी के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। "इस आश्चर्यजनक अवसर के लिए मैं डियर लॉटरी और नागालैंड स्टेट लॉटरीज को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे परिवार के सभी सदस्य एवं सभी मित्र मुझे एक करोड़पति के रूप में देख कर पूरी तरह अचम्भित हैं। डियर लॉटरी ही एकमात्र ऐसा रास्ता है जिसमें एक साधारण व्यक्ति भी अपनी किस्मत से एक करोड़पति बन सकता है।" विजेता ने कहा। डियर लॉटरी के ड्रॉ लाइव दिखाए जाते हैं।

बीरभूम, पश्चिम बंगाल के श्री कमीरुद्दीन शेख ने 29.03.2023 को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर रु. 1 करोड़ जीते हैं। उनकी



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक : सत्येन्द्र नाथ सिंह एवं मुद्रक: नूतन वर्मा द्वारा प्राइम प्रिंटर्स, प्रिमुला कॉटेज, चर्च रोड, गंगटोक से मुद्रित एवं रतना निवास, मेट्रो प्वाइंट, नेशनल हाईवे 10, गंगटोक (पूर्व सिक्किम) से प्रकाशित।
सम्पादक - सत्येन्द्र नाथ सिंह, कार्यकारी सम्पादक - अश्विनी आनंद, मोबाइल नं. : 9474355832, 9609024017, फोन नं. : 03592-204174, पोस्टल रजि. सं. : WB/SKM/110/07-09, e-mail ID : anugamini@gmail.com